**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
लखनऊ से प्रकाशित
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्ष: 13 अंक: 172 लखनऊ, रविवार 04 फरवरी 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

# अयोध्या में श्रीराम और कन्नौज में आंबेडकर का विरोध करती है सपा योगी आदित्यनाथ

संवाददाता।

लखनऊ सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा को ना जाने क्यों बाबा साहेब से चिढ़ है। एक ओर सपाई अयोध्या में भगवान श्रीराम का विरोध करते हैं तो वहीं दूसरी तरफ कन्नौज में बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर का तिरस्कार करते हैं। कन्नौज। आज अगर समाजवादी पार्टी की सरकार होती तो अयोध्या में कभी भी श्रीराम का भव्य मंदिर नहीं बन पाता। सपाई अयोध्या में भगवान श्रीराम का और कन्नौज में आंबेडकर का विरोध करते हैं। मगर डबल इंजन की सरकार जहां एक तरफ विकास कार्यों को स्पीड से पूरा करती है वहीं आस्था का सम्मान भी करती है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अशोक नगर स्थित केके इंटर कॉलेज के बोर्डिंग ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कन्नौज को 352 करोड़ रुपए की 59 परियोजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कन्नौज के सांसद सुब्रत पाठक के पिता स्व. ओम प्रकाश पाठक की पांचवीं पुण्यतिथि पर नमन किया। उनकी याद में सांसद द्वारा प्रतिवर्ष दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और ट्राईसाइकिल दिये जाने की मुख्यमंत्री ने प्रशंसा की। सीएम योगी ने कहा कि दिव्यांगजनों को अगर समाज और सरकार से सपोर्ट मिले तो बड़ी से बड़ी उपलब्धि भी उनके कदमों में होती है। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ समाजसेवी, उद्योग व्यापार के साथ राष्ट्रवादी मिशन के लिए जीवन समर्पित करने वाले स्व. ओम प्रकाश पाठक और भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. बनवारी लाल दोहरे को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कन्नौज के गौरवमयी इतिहास की चर्चा करते हुए महाराज हर्षवर्धन को याद किया। उन्होंने कहा कि महाराज हर्षवर्धन अपनी दानवीरता के लिए जाने जाते हैं, जिन्होंने प्रयागराज के कुंभ को भव्यता प्रदान की। महाराज हर्षवर्धन ने कन्नौज से ही देश में रामराज्य की अवधारणा को पूरा किया था। आज एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 500 साल के दंश को मिटाकर भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण पूरा कर लिया गया है। सीएम योगी ने कन्नौज की जनता को अयोध्या आकर श्रीराम मंदिर में दर्शन करने निमंत्रण भी दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भी कन्नौज को योग्य जनप्रतिनिधि का चुनाव करना है, जो उनके सुख–दुरूख में सहभागी बने और शासन की योजनाओं को जन जन तक बिना भेदभाव के पहुंचाए। मुख्यमंत्री ने सांसद सुब्रत पाठक की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक अच्छा सांसद आपकी आवाज संसद में उठाता है।सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा कार्यकाल में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के नाम पर संचालित कन्नौज के मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि सपा को ना जाने क्यों बाबा साहेब से चिढ़ है। एक ओर सपाई अयोध्या में भगवान श्रीराम का विरोध करते हैं तो वहीं दूसरी तरफ कन्नौज में बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर का तिरस्कार करते हैं। समाजवादी पार्टी वोट तो जाति के नाम पर लेती है मगर काम केवल परिवार के लिए करती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम फिर से बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर के नाम पर किया



जाएगा। सीएम योगी ने कन्नौज के इत्र व्यापारियों को भी भरोसा दिलाया कि सरकार हमेशा उनके साथ है। इत्र के कारोबार में तकनीकि, पैकेजिंग, मार्केटिंग और एक्सपोर्ट के लिए बेहतरीन वातावरण तैयार किया जा रहा है। सीएम योगी ने कन्नौज में स्पोर्ट्स स्टेडियम के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के लिए जनसेवा व्रत और संकल्प है। प्रदेश सरकार कन्नौज को बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ ही वर्ल्ड क्लास आईटीआई, स्किल डेवलपमेंट केंद्र भी प्रदान करेगी। कन्नौज के विकास में कोई भी रोड़ा नहीं अटका पाएगा। सरकार बिना भेदभाव और बिना तुष्टिकरण के योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को मकान की चाबी और प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस दौरान प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, असीम अरुण, सांसद सुब्रत पाठक, देवेन्द्र सिंह भोले, विजय कुमार दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, विधायक कैलाश सिंह राजपूत, अर्चना पांडेय, पूनम संखवार, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा रामचंद्र कन्नौजिया सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे। क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला श्रेणी–ए, छिबरामऊ के तालग्राम देहात में राजकीय पॉलिटेक्निक भवन, जीटी रोड के किमी 348 जसौली वाया महाचंदापुर से वीपी मार्ग के किमी 238 तक का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, तिर्वा–खैरनगर–औसेर हमीरपुर मार्ग के किमी 0 से 10 तक का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, छिबरामऊ तहसील मुख्यालय को जोड़ने वाले छिबरामऊ–विशुनगढ़ मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, तहसील तिर्वा में 48.54 एकड़ में निर्मित इत्र पार्क का फेज–1, टी–4 हरसेन से बेला रोड, खरगपुर से खड़नी तक सड़क, बेहरापुर–गैसापुर, हमीरपुर, पट्टी– बीबीपुर, मियागंज, जाफराबाद, खाण्डेदेवर, असलताबाद, नगला–दनुआ, ताहपुर एवं गदौरा में पेयजल परियोजना।शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं नगर पंचायत समधन पेयजल पुनर्गठन परियोजना, ठठिया रजबहा के किमी 0 से किमी 20.203 तक पुर्स्थापना एवं नहरी भूमि की सीमांकन कार्य परियोजना, उमगरा से बारापुल, सुल्तानपुर से बंसरामऊ, हरौली से मन्नापुरवा, पाण्डेयपुरवा से मूसरि, अगौस से साहियापुर, सूरजपुर से परसरामऊ, एरुहो से बैरगरा, बसवारी से इब्राहीमपुर नगरीय, ककरैया मार्ग से नगला हसे, नगला विशुना से मिश्राबाद, बेहटा खास खानपुर कसवा, महमूदपुर खास नादनपुर की पुलिया से शंकरपुर लोकपुर, कसावा से पलिया बूचपुर एवं तालग्राम में इंदुयागंज से मीरपुर संपर्क मार्ग।

## उत्तराखंड कैबिनेट की बैठक में यूसीसी पर नहीं आया प्रस्ताव,

एजेंसी।

नई दिल्ली बैठक के बाद, मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बात की और कहा कि बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई, उन्होंने कहा कि ष्इस सत्र मेंष् वे यूसीसी लाएंगे, ष्जो भी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैंष्। धामी ने कहा कि एक और कैबिनेट बैठक होगी, जिसके बाद "मसौदा लाया जाएगा"। पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली उत्तराखंड सरकार ने शनिवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मसौदे पर चर्चा करने और उसे मंजूरी देने के लिए एक कैबिनेट बैठक की, जिससे भाजपा शासित राज्य यूसीसी को अपनाने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। बैठक के बाद, मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बात की और कहा कि बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई,




उन्होंने कहा कि ष्इस सत्र मेंष् वे यूसीसी लाएंगे, ष्जो भी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैंष्। धामी ने कहा कि एक और कैबिनेट बैठक होगी, जिसके बाद "मसौदा लाया जाएगा"। एक बार जब कैबिनेट हरी झंडी दे देती है, तो विधेयक को विधानसभा के चार दिवसीय विशेष सत्र के दौरान पेश किए जाने की संभावना है जो पहले ही 5–8 फरवरी तक बुलाया जा चुका है। सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में सरकार द्वारा नियुक्त पैनल द्वारा शुक्रवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक बड़ा दस्तावेज सौंपे जाने के बाद यह बात सामने आई है, जिन्होंने कहा था कि "लंबे समय से प्रतीक्षित क्षण आ गया है"। जैसे–जैसे उत्तराखंड सरकार यूसीसी को वास्तविकता बनाने के करीब पहुंच रही है, आपको इस मसौदे के लिए जिम्मेदार विशेषज्ञों के बारे में जानने की जरूरत है। 10 पॉइंट में समझें बड़ी बातें – यूसीसी बिल हलाला, इद्दत और तीन तलाक को दंडनीय अपराध बनाएगा। – उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता विधेयक बहुविवाह पर भी प्रतिबंध लगा सकता है। – इस विधेयक से सभी धर्मों में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए विवाह की आयु तय करने की उम्मीद है। – राज्य की आबादी का 2.9: हिस्सा बनाने वाले आदिवासी समुदायों को उत्तराखंड में यूसीसी विधेयक के दायरे से छूट दी जा सकती है। – इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में सूत्रों का हवाला देते हुए यह भी कहा गया है कि प्रस्तावित बिल में बच्चों की संख्या में एकरूपता समेत जनसंख्या नियंत्रण के उपाय हैं। – इसके अलावा उत्तराखंड के यूसीसी विधेयक में ऐसे प्रावधान हो सकते हैं जो विरासत से संबंधित मुद्दों में पुरुषों और महिलाओं के साथ समान व्यवहार करेंगे। – आईई रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि यूसीसी लिव–इन रिश्तों को भी विनियमित करने की संभावना है। – यूसीसी राज्य में सभी नागरिकों के लिए एक समान विवाह, तलाक, भूमि और संपत्ति के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करेगा, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो। – यूसीसी पैनल को 2.33 लाख लिखित सुझाव प्राप्त हुए और 60 से अधिक बैठकें हुईं जिनमें सदस्यों ने लगभग 60,000 लोगों के साथ बातचीत की। – इसके लागू होने पर उत्तराखंड आजादी के बाद यूसीसी अपनाने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। यह पुर्तगाली शासन के दिनों से ही गोवा में चालू है।

## गैर–परम्परागत स्रोतों से उर्जा उत्पादन को प्रदेश सरकार दे रही बढ़ावा – ए.के. शर्मा

### अक्षय उर्जा से कार्बन उत्सर्जन में आयेगी कमी, पर्यावरण अनुकूल होगा जीवन

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से देश में कार्बन उत्सर्जन को कम करने तथा पर्यावरण के अनुकूल बेहतर जीवन प्रदान करने के लिए भारत सरकार गैर–परम्परागत स्रोतों से ऊर्जा उत्पादन को लगातार बढ़ावा दे रही है। अभी संसद में प्ररस्तुत केन्द्रीय बजट में भी इसके लिए बेहतर व्यवस्था की गई है। विगत दिनों 01 फरवरी को केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में देश का अंतरिम बजट 2024–25 प्रस्तुत किया, इससे भी रिन्यूएवल एनर्जी के क्षेत्र में नयी संभावनाओं के साथ नये आयाम स्थापित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि बजट में वित्तमंत्री जी ने प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत देश के एक करोड़ परिवारों के घरों का रूफटॉप सोलराइजेशन की बात की है। इस योजना से इन परिवारों को 300 यूनिट फ्री बिजली प्रतिमाह मिलेगी। साथ ही मुफ्त सौर बिजली के इस्तेमाल से और बची हुई बिजली वितरण कम्पनियों को देने से प्रत्येक परिवार को सालभर में 15000 से 18000 रूपये की बचत भी होगी। यह योजना अयोध्याधाम में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक दिन प्रधानमंत्री द्वारा किये गये संकल्प को भी पूरा करेगी।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि उ0प्र0 सरकार ने वाराणसी में दो माह के भीतर 25000 घरों में रूफटॉप सोलर लगाने के अभियान को तीव्र गति से चला रही है, जिसमें लोगों के सहयोग, डिस्काम की पहल और वेन्डर की सुविधा मिलने से इसमें काफी सहयोग मिल रहा। वर्तमान केन्द्रीय बजट में 8500 करोड़ रूपये की व्यवस्था सोलर एनर्जी के लिए की गयी है, जो कि पिछले बजट से 170 प्रतिशत अधिक है। प्रदेश सरकार ने भी विगत दो वर्षों में सोलर एनर्जी के लिए प्रादेशिक बजट में कई बार बढ़ोत्तरी की है। सौर ऊर्जा नीति–2022 में भी प्रदेश के 13.5 लाख परिवारों के घरों को रूफटॉप सोलराइजेशन से आच्छादित करने का लक्ष्य है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि वर्तमान केन्द्रीय बजट में बायो एनर्जी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए परिवहन के क्षेत्र में सीएनजी के स्थान पर चरणबद्ध तरीके से कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) के प्रयोग की बात की गई है। केन्द्र सरकार की मंशानुरूप ही प्रदेश सरकार बायो एनर्जी के क्षेत्र में सीबीजी संयंत्रों की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 32 सीबीजी संयत्र चालू होने की स्थिति में हैं। साथ ही 100 सीबीजी संयत्र जल्द ही स्थापित किये जायेंगे। प्रदेश सरकार बायोमॉस कलेक्शन मशीनरी की खरीद पर आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। साथ ही बायो एनर्जी नीति के तहत कम्प्रेस्ड बायोगैस, बायो डीजल और बायो कोल



उपक्रम स्थापित करने के लिए 20 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी भी प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट में रिन्युएवल एनर्जी के क्षेत्र में विनिर्माण, अवस्थापना और रखरखाव में तकनीकी कौशल रखने वाले युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान किये जायेंगे। नवीनकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में आपूर्ति और संयंत्रों की स्थापना के लिए बड़ी संख्या में वेन्डर्स को उद्यमिता के अवसर प्रदान करने की बात की गई है। इस दृष्टि से उ0प्र0 सरकार ने भी रोजगार और उद्यमिता के अवसर प्रदान करने के लिए कुशल कामगार (सूर्यमित्र) तैयार करने के लिए युवाओं को प्रशिक्षित कर रही है। विगत एक वर्ष में प्रशिक्षित सूर्यमित्रों में से 60 प्रतिशत ने स्वयं के रोजगार व उद्यमिता की शुरूआत भी कर दी है।

बिजली मंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार ग्रीन हाइड्रोजन के प्रयोग एवं उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। वर्तमान केन्द्रीय बजट में भी नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के लिए 600 करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है, जो कि गत वर्ष के बजट से 200 प्रतिशत अधिक है। भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप ही उ0प्र0 सरकार भी ग्रीन हाइड्रोजन नीति शीघ्र जारी करने जा रही है, जिसमें प्रतिवर्ष एक मिलियन मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आयेगी और ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग से वर्ष 2070 तक पर्यावरण की दृष्टि से देश को नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रधानमंत्री के संकल्प को भी पूरा किया जा सकेगा। इस नीति में रिसर्च और विकास में निवेश को बढ़ावा दिया गया है। साथ ही पूंजीगत व्यय, भूमि की उपलब्धता, विद्युत पारेषण व बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग प्रदान किया जायेगा। प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में संयत्र स्थापित करने के लिए 20 कम्पनियों से 2.73 लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, जिससे 1.20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## डीजीपी ने मासिक स्मृति-पत्र धृति का किया विमोचन

लखनऊ(आरएनएस) । पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार द्वारा महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन द्वारा जारी की जाने वाली मासिक स्मृति–पत्र श्घृतिश का विमोचन किया गया । साथ ही पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रदेश सरकार की महिलाओं की सुरक्षा एवं विकास के लिए पूर्णतरू प्रतिबद्धता दशार्ते हुये अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन एन. पदमजा एवं उनकी टीम के अथक प्रयासों से प्रकाशित की जा रही श्धृतिश मासिक स्मृति–पत्र के प्रथम प्रकाशन के लिए शुभकामनायें दी गयीं।

उक्त मासिक स्मृति–पत्र (ठी६२छी३३ी१) में माह में महिला व बाल सुरक्षा के विषय में की जाने वाली समस्त गतिविधियों जैसे,अन्य संगठनों, संस्थानों व इकाईयों के समन्वय से लागू की जाने वाली कार्ययोजनाओं व विभिन्न प्रशिक्षण कार्यशालाओं।महिला व बाल अपराधों पर नियंत्रण के लिए किये जाने वाले संस्थागत प्रयास। लैंगिक हिंसा की घटनाओं के नियंत्रण हेतु अभिनव तकनीकी प्रयोग।महिला व बाल अपराधों से जुड़े विशेष अभियान।लैंगिक हिंसा के मुद्दों पर जन जागरूकता अभियान, आदि विषयों पर संक्षिप्त विवरण अभिलिखित किया जायेगा। माह के प्रथम सप्ताह में गत माह की गतिविधियों का स्मृति–पत्र प्रकाशित किया जायेगा जिसे महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की आधिकारिक वेब साइट पर प्रकाशित करते हुए समस्त पुलिस ईकाइयों को ई–मेल पर उपलब्ध कराया जायेगा। इस अवसर पर एन. पद्मजा अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, विजय त्रिपाठी अपर पुलिस अधीक्षक एवं विनोद यादव पुलिस उपाधीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए प्रथम चक्र के अन्तर्गत निःशुल्क रिफिल वितरण की निर्धारित अवधि 15 फरवरी 2024 तक बढ़ायी गयी

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने बताया कि वर्तमान में निःशुल्क रिफिल वितरण योजना के तहत आच्छादित उज्ज्वला लाभार्थियों को प्रथम चरण में माह नवम्बर, 2023 से दिसम्बर, 2023 तक तथा द्वितीय चरण में जनवरी, 2024 से मार्च, 2024 तक निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। शासन द्वारा प्रथम चरण के अन्तर्गत निःशुल्क एल०पी०जी० सिलेण्डर रिफिल वितरण हेतु निर्धारित अवधि माह नवम्बर–दिसम्बर, 2023 को 15 फरवरी 2024 तक बढ़ा दिया गया है।
खाद्य आयुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत, जो लाभार्थी अपना प्रथम निःशुल्क रिफिल 31 दिसंबर 2023 तक नहीं प्राप्त कर पाए हैं, वह 15 फरवरी, 2024 तक अपना प्रथम रिफिल निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों द्वारा किसी भी एल०पी०जी० गैस वितरक के यहां अपना आधार प्रमाणन सुगमता से कराया जा सकता है।

## 'मोडानी''छीनना चाहते हैं आदिवासियों का हक- राहुल गांधी

लखनऊ(आरएनएस),। ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' के 21 वें दिन आज झारखण्ड में आदिवासियों के अधिकारों और उनके हित की बात करते हुंए जननायक श्री राहुल गांधी ने कहा कि मोदी की शह पर उनके मीडिया मित्र आदिवासियों का खुलेआम अपमान करते हैं और उनके करपोरेट मित्र उनके संसाधनों को लूटते हैं। भारत में साजिश के तहत आदिवासियों के अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। श्री गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए वन अधिकार जैसे कानून बनाये, आदिवासी बिल लाये, सरना धर्म कोड लागू करने की दिशा में पहल की। हम हमेशा आदिवासियों के हितों के लिए संकल्पबद्ध हैं।झारखण्ड की महान धरती पर भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों से लड़कर आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा की। मगर दुर्भाग्य देखिए कि आज के अंग्रेज (मोडानी) चाहते हैं कि आदिवासियों का अपने ही जल, जंगल और जमीन पर कोई हक ना हो।

## 2024 में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की कुर्सी सौंपिए ,भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा

संवाददाता।
लखनऊ सीएम ने आह्वान किया कि 2024 में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की कुर्सी सौंपिए, भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इसका मतलब हर नागरिक के जीवन में परिवर्तन होना, प्रति व्यक्ति आय बढ़ना। उत्तर प्रदेश में पिछले छह वर्ष में छह करोड़ व देश में 24 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठे हैं।संतकबीरनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश बदल रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत में 140 करोड़ लोगों का गौरव बढ़ा है। शक्तिशाली होने पर देश समर्थ होता है। समर्थ होने से समृद्धि आने लगती है। इस समृद्धि को देखते हुए भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। सीएम ने आह्वान किया कि 2024 में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की कुर्सी सौंपिए, भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इसका मतलब हर नागरिक के जीवन में परिवर्तन होना, प्रति व्यक्ति आय बढ़ना। उत्तर प्रदेश में पिछले छह वर्ष में छह करोड़ व देश में 24 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठे हैं। सरकार के परिणामस्वरूप बिना भेदभाव शासन की सभी योजनाओं (आवास, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, सड़कें, हाइवे, रेलवे, एयरपोर्ट, टू लेन–फोर लेन की कनेक्टिविटी) का लाभ सभी को मिल रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को मगहर कबीर महोत्सव–2024 के समापन समारोह में पहुंचे। यहां उन्होंने 360 करोड़ की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण–शिलान्यास किया। संत कबीर स्थली पर 600 जोड़ों के सामूहिक विवाह में पहुंचे सीएम ने उन्हें आशीर्वाद भी दिया। सीएम ने बटन दबाकर इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) का शुभारंभ भी किया। सीएम ने सुप्रसिद्ध गायिका स्वाति मिश्रा के भजन के साथ अन्य कार्यक्रमों को भी देखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कबीर के बगैर मगहर सचमुच नरक है। मध्यकाल के इस महान संत ने इस चुनौती को कबूल किया था, जब मगहर के बारे में मान्यता थी कि यहां जाने पर नरक मिलता है। यह बंजड़ क्षेत्र था। यहां की मिट्टी नमकीन और पानी खारा था, लेकिन उनके चमत्कार ने इसे स्वर्णमयी बना दिया। यहां पवित्र आमी नदी बह रही है। जैसी फसलें सब जगह होती हैं, वैसे ही यहां भी होती हैं। यहां का पानी मीठा हो गया और संत कबीर के चमत्कार से यह जनपद चमत्कृत हो गया। कबीर महोत्सव यहां की पहचान है। यूपी में सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं देते तो न निवेश होता, न विकास सीएम ने कहा कि अयोध्या में श्रीरामलला के भव्य मंदिर बनने के उपरांत संतकबीर नगर आने पर 360 करोड़ की परियोजना के लोकार्पण–शिलान्यास का अवसर प्राप्त हुआ है। इनमें सुरक्षा, पर्यटन व आम नागरिक से जुड़ी शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि से जुड़ी योजनाएं हैं, जो जीवन में व्यापक परिवर्तन का कारक बनती है। यह महत्वपूर्ण क्षण है, जब तकनीक का उपयोग करते हुए हम लोग हर नागरिक को सुरक्षा की गारंटी दे सकते हैं। हमने यूपी में सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी होती यूपीवासियों के समक्ष 2017 के पहले जैसा पहचान का संकट होता। तब न निवेश होता और न ही विकास। हम सभी पहचान के लिए मोहताज होते। जनता ने भूमिका का निर्वहन किया। डबल इंजन की सरकार आई तो सुरक्षा का बेहतर वातावरण मिला।

# टेलीग्राम से 83 लाख की धोखाधड़ी करने वाला साइबर अपराधी गिरफ्तार

## थाना साइबर क्राइम पुलिस ने घटना का किया पर्दाफाश

लखनऊ (आरएनएस) । विदेशी महिलाओं की इंस्टाग्राम व फेसबुक पर फोटो लगाकर संभ्रांत लोगों से ठगी करने वाले साइबर का भंडाफोड़ करते हुए थाना साइबर क्राइम पुलिस ने साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त द्वारा टेलीग्राम के माध्यम से 83 लाख की ठगी की गई है। पुलिस ने अभियुक्त से पूछताछ करने के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।डीजीपी मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि 22 जनवरी को एक रिटायर्ड आईईएस के द्वारा एक मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें एबॉट फार्मास्युटिकल लिमिटेड कंपनी के नाम से धोखाधड़ी करते हुए किसी के द्वारा लगभग 83 लाख रुपये की ठगी की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एक टीम गठित की गई थी। जांच के दौरान इसमें एक नाइजीरियन गैंग का नाम सामने आया। जिनकी गिरफ्तारी करते हुए शनिवार को कार्रवाई पूरी की गई। पकड़े गए अभियुक्त का अपराधिक जो इतिहास है उसमें 2021 का एक मुकदमा दिल्ली में क्राइम ब्रांच टीम द्वारा दर्ज की गई थी। इस दौरान अभियुक्त के कब्जे से लैपटाप व मोबाइल बरामद किया गया था। अभियुक्त द्वारा ठगी के पैसों को पांच खातों में आरटीजीएस के माध्यम से स्थानान्तरित कराये गये थे। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम लवसन इमेसोवम चिनागोरोम मैक्सवेल पुत्र मैक्सवेल इमेसोवम निवासी –113 इ श्टेलीलो रोड ओवेरीं आईएमओ स्टेट नाइजीरिया हाल पता वैशाली कालोनी नई दिल्ली है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा विदेशी महिला के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एकाउन्ट बनाया जाता हैऔर उनके द्वारा वरिष्ठ नागरिकों व संभ्रान्त व्यक्तियों से दोस्ती कर इन्वेस्टमेंट, बिजनेस आदि चीजो के लिये झांसे में लेकर अपने अन्य सहयोगियो के साथ ट्रेप कर बड़ी धनराशि की ठगी की जाती है।

# चौबीस घंटे बाद भी ट्रिपल मर्डर करने वाले पुलिस की पकड़ से दूर

लखनऊ (आरएनएस) । राजधानी के मलिहाबाद के मोहम्मदाबाद तालुकेदारी गांव में महिला समेत तीन की हत्या करने वाले मुख्य आरोपी वारदात के चौबीस घंटे बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर है। हालांकि पुलिस ने घटना के बाद थार और उसके ड्राइबर को गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार को तीनों के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गांव ले जाकर सुपुर्देखाक कर दिया गया। ऐतिहात के तौर भी अब भी गांव में पुलिस तैनात है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि अहम सुराग हाथ लगे है,जल्द ही मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। चूंकि पुलिस घटना के बाद से लगातार दबिश दे रहे है। गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर लल्लन खां का गांव के ही रहने वाले फरीद खान(लल्लन के रिश्ते में दामाद) से काफी दिनों से जमीन का विवाद चल रहा था। शुक्रवार को मीठेनगर में विवादित जमीन की पैमाइश होनी थी। इसको लेकर फरीद को समन आया था। फरीद के मुताबिक वह शुक्रवार को जब मौके पर जा रहे थे तो उनको पता चला कि पैमाइश हो चुकी है। तो वह वापस घर लौट गए। करीब साढ़े तीन बजे लल्लन खां अपने बेटे फराज खान व दो अज्ञात लोगों के साथ फरीद के घर पर धावा बोल दिया। पहुंचते ही ताबड़तोड़ गोलियां बरसाने लगे। जिसमें फरीद के (15) वर्षीय बेटे हंजला, पत्नी फरहीन (35) और बीच–बचाव करने पहुंचे फरीद के चाचा मुनीर (55) को गोलियां लग गईं। मौके पर ही तीनों की मौत हो गई। घटना करने के बाद आरोपी भाग निकले। सूचना पर पुलिस अधिकारी पहुंचे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया। उधर पुलिस ने लल्लन के ड्राइवर अशरफी को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को तीनों का शव का पोस्टमार्टम होने के बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उनके शव को गांव भेजा गया। इसके बाद परिजनों द्वारा तीनों के शव को सुपुर्देखाक किया। वहीं गांव में सावधानी के तौर पर अभी भी पुलिस बल तैनात है। दिन दहाड़े हुई इस वारदात से आज भी गांव में दहशत का माहौल है। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के कारण भयभीत है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि शांतिपूर्वक तीनों शवों का सुपुर्देखाक हो गया है। गांव में शांति है फिर भी पुलिस तैनात है। आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में हुआ 25 वीं इंडो–यूएस फ्लो साइटोमेट्री कार्यशाला का उद्घाटन

लखनऊ(आरएनएस),। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में दिनाँक 3 फरवरी को ट्रस्ट फॉर एजुकेशन एंड ट्रेनिंग इन साइटोमेट्री (टीईटीसी) एवं विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग और फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ष्फ्लो साइटोमेट्री और जीव विज्ञान में इसके अनुप्रयोगष विषय पर द्विदिवसीय 25 वीं इंडो–यूएस फ्लो साइटोमेट्री कार्यशाला का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सीएसआईआर – राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ के डायरेक्टर डॉ० अजित कुमार शासनी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज की डीन प्रो० संगीता सक्सेना , टीईटीसी की सह संस्थापक एवं प्रबंध ट्रस्टी डॉ० रेखा गौड़ व डॉ० हेमंत अग्रवाल एवं आयोजन सचिव डॉ० सुनील बाबू गोसीपटालाध उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माननीय कुलपति एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं बाबासाहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। साथ ही आयोजन समिति की ओर से अतिथियों को पुष्प गुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। सर्वप्रथम आयोजन सचिव डॉ० सुनील बाबू गोसीपटालाध ने सभी से अतिथियों का परिचय कराया। इसके पश्चात प्रो० संगीता सक्सेना ने सभी को कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रुपरेखा से संबंधित जानकारी दी। मंच संचालन का कार्य डॉ० मोनिका शर्मा द्वारा किया गया। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा, कि इस तरह की कार्यशाला विद्यार्थी जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्योंकि इस तरह की कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध से संबंधित जागरूकता पैदा करना , गुणवत्ता अनुसंधान करना, विभिन्न वैज्ञानिक तरीकों और प्रक्रियाओं की समझ एवं आलोचनात्मक सोच को विकसित करना है, जिसके सकारात्मक परिणाम भविष्य में देखाने को मिलते हैं। सीएसआईआर – एनबीआरआई लखनऊ के डायरेक्टर डॉ० अजित कुमार शासनी ने अपनी विचार रखते हुए कहा, कि फ्लो साइटोमेट्री जीवविज्ञान के क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसका प्रयोग कोशिकाओं या कणों की विशेषताओं का विश्लेषण करने के लिए किया जाता है।इसके अलावा किसी व्यक्ति के चिकित्सा इतिहास और अन्य संकेतों और लक्षणों के साथ फ्लो साइटोमेट्री के परिणामों का उपयोग किया जाता है। टीईटीसी की सह संस्थापक एवं प्रबंध ट्रस्टी डॉ० रेखा गौड़ ने चर्चा के दौरान कहा, कि आज के समय में फ्लो साइटोमेट्री एक शक्तिशाली इम्यूनोफेनोटाइपिंग उपकरण बन गया है । जिसके माध्यम से व्यक्तिगत कोशिकाओं को उनकी विशेषताओं के आधार पर क्रमबद्ध और नमूने को स्वस्थ एक जीवित रखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त टीईटीसी से जुड़े डॉ० डॉ० हेमंत अग्रवाल ने फ्लो साइटोमेट्री डेटा विश्लेषण के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन का कार्य डॉ० सुनील बाबू गोसीपटालाध द्वारा किया गया। इस दौरान प्रॉक्टर प्रो० संजय कुमार, डीएसडब्लयू प्रो० बी० एस० भदौरिया , प्रो० डी० आर० मोदी, प्रो० शिल्पी वर्मा, डॉ० अजय सिंह कुशवाहा, अन्य शिक्षक, विदेशों से आये शोधार्थी, विभिन्न विश्वविद्यालयों से आये प्रतिभागी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# हुसैनगंज में बुजुर्ग व्यापारी को खुलेआम दबंगों ने लात घूसों से पीटा

## – जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची,मकान मालिक को पकड़ कर ले गई थाने

## –पीड़ित व्यापारी ने हुसैनगंज थाने में दी तहरीर

(आरएनएस)राजधानी के हुसैनगंज थानाक्षेत्र में दबंगों ने एक दुकान पर पहुंचकर व्यापारी को लात घूसों से जमकर पीटा। इसके बाद दुकान का सारा समान फेंककर फरार गए। जानकारी मिलने पर व्यापारी आक्रोशित हो उठे और दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने व्यापारियों के आक्रोश को देखते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थानाक्षेत्र में शनिवार को जय नारायण रोड पर बुजुर्ग व्यापारी हुकुमचंद गुप्ता को दबंग मकान मालिक ने अपने कई साथियों के साथ दुकान के अंदर घुसकर जम कर मारा पीटा । साथ ही दुकान का सारा सामान उठाकर बाहर फेंक दिया । घटना की जानकारी पाकर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश संजय गुप्ता संगठन के पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे तथा मौके पर क्षेत्रीय पुलिस के अधिकारी भी पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष द्वारा पुलिस के वरिस्ठ अधिकारियों को घटना की सूचना दी गई पुलिस मौके से दबंग लोगों को पकड़कर थाने ले गई पीड़ित व्यापारी ने थाने पर मुकदमा लिखाने के लिए तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित व्यापारी का सामान दुकान में वापस रखवाया। पीड़ित व्यापारी के पुत्र एवं संगठन के नगर उपाध्यक्ष धर्मेश गुप्ता ने बताया न्यायालय में मुकदमा भी विचाराधीन है तथा दुकान का किराया न्यायालय में जमा हो रहा है। मौके पर पहुंचने वाले पदाधिकारियों में पीड़ित व्यापारी के पुत्र एवं नगर उपाध्यक्ष धर्मेश गुप्ता,प्रदेश उपाध्यक्ष गुप्रीत सिंह चड्ढा , नगर महामंत्री आशीष गुप्ता, विधानसभा मार्ग के चेयरमैन मुकेश आहुजा, रजनीश यादव, सदर आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष अखिल ग्रोवर, मोहम्मद मोहिनीश सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। पुलिस ने व्यापारियों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भाजपा सरकार में जमीन घोटाले हो रहे हैं – अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा को इस बात की चिंता करनी चाहिए कि उनके सांसदों की परफॉर्मेंस क्या है? उत्तर प्रदेश और दिल्ली में उनकी सरकार है। कहीं भी उन्होंने कारखाना लगाया हो तो बता दें। 40 लाख करोड़ रू0 का अगर इन्वेस्टमेंट यूपी में आ रहा है तो बलरामपुर, गोण्डा में निवेश क्यों नहीं आ रहा है?

अखिलेश यादव शनिवार यहां बलरामपुर, गोण्डा और बाराबंकी में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। बलरामपुर में पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ0 एस.पी. यादव के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। गोण्डा में जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन की सुपुत्री के शुभ विवाह में शामिल हुए। बाराबंकी में शबाना खातून चेयरमैन टाउन एरिया बेलहरा और इरशाद अहमद कमर चेयरमैन नगर पंचायत तहसील फतेहपुर के कार्यक्रम में शरीक हुए। थाना फतेहपुर के मोहल्ला मौलवीगंज में राजलक्ष्मी वर्मा पूर्व विधायक के सुपौत्र के विवाह में वर–वधू को आशीर्वाद दिया। पूर्व मंत्री डॉ0 एस.पी. यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुऐ कहा कि डॉ0 एस.पी. यादव लोकप्रिय नेता थे। समाजवादी पार्टी संस्थापक सदस्य रहे डॉ0 एस.पी. यादव के निधन से पार्टी और परिवार की अपूरणीय क्षति हुई है। मीडिया से वार्ता करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मैंने कई बार कहा कि कोई पुण्य काम होने जा रहा हो और पीडीए के लोग, 90 प्रतिशत आबादी वाले दुःखी हों तो पुण्य कैसे होगा? भाजपा सरकार में जमीन घोटाले हो रहे हैं। भाजपा भू माफियाओं की पार्टी है। बलरामपुर, गोण्डा और अयोध्या में जमीनें छीनी जा रही है। लोगों को उनकी जमीन का वाजिब मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। पीडीए के 90 प्रतिशत लोग दुःखी है, उनके साथ अन्याय और अत्याचार हो रहा है। कहा कि बेरोजगार नौजवान इजरायल जा रहे हैं और अग्निवीर कपड़े उतार कर आंदोलन कर रहे हैं।

# गोसाईंगंज में शाईन सिटी ग्रुप की अवैध सोलीटेयर सिटी पर एलडीए ने चलाया बुलडोजर

## – लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर प्रवर्तन जोन–2 की टीम ने की कार्यवाही

लखनऊ (आरएनएस) विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को गोसाईंगंज क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही की गयी। एलडीए के प्रवर्तन दस्ते ने यहां शाईन सिटी ग्रुप की अवैध सोलिटेयर सिटी पर बुलडोजर चलाया। दिन भर चली कार्यवाही के दौरान डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, नाली, बाउन्ड्रीवॉल व भूखण्डों के डिमार्केशन के लिए ईंटों से किये गये चिनाई आदि के कार्य को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।प्रवर्तन जोन–2 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि मेसर्स शाईन सिटी प्रा0लि0 के राशिद नईम द्वारा गोसाईंगंज–मोहनलालगंज रोड पर इंदिरा नहर के किनारे लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग करते हुए सोलिटेयर सिटी नाम से कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले–आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय ने वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये थे। जिसके अनुपालन में आज सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता नागेन्द्र मिश्रा व ऋतुपाल द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी। सहायक अभियंता ने बताया कि निजी विकासकर्ताओं द्वारा स्थल पर किये गये समस्त प्रकार के निर्माण व विकास कार्यों को कार्यवाही के दौरान ध्वस्त कर दिया गया।

# मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने आलमबाग, लखनऊ में अपने तीसरे स्टोर का किया भव्य उद्घाटन'

लखनऊ(आरएनएस) । रू प्रमुख रिटेल आभूषण विक्रेता मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने लखनऊ के आलमबाग में अपना नया स्टोर खोला, जिससे विश्वस्तरीय आभूषण खरीदारी अनुभव प्रदान करने की अपनी पहुंच और प्रतिबद्धता का और विस्तार हुआ। ए–100, सेक्टर–बी, कानपुर रोड, एलडीए कॉलोनी, आलमबाग, लखनऊ में स्थित 5844 वर्ग फुट के विशाल स्टोर का उद्घाटन समारोह 3 फरवरी, 2024 को हुआ।

उद्घाटन में भारत सरकार के आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री श्री कौशल किशोर की गरिमामयी उपस्थिति रही। नए स्टोर की शुरुआत को लेकर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के चेयरमैन एम. पी. अहमद ने कहा, "हम मलाबार अनुभव को आलमबाग, लखनऊ में लाने के लिए उत्साहित हैं। हमारा नया स्टोर सिर्फ आभूषण बेचने के बारे में नहीं है बल्कि हमारे ग्राहकों के लिए यादगार पल बनाने के बारे में भी है। अपने विविध संग्रहों और निष्पक्षता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, हमारा लक्ष्य शहर का सर्वोत्तम आभूषण खरीदारी गंतव्य बनाना है। यह स्टोर आभूषणों के शौकीनों के लिए शानदार जगह होगी, जो सर्वोत्तम कीमतों और उचित मेकिंग शुल्क पर गहनों की विस्तृत और उत्कृष्ट रेंज पेश करेगा।श्श

स्टोर में मलाबार के लोकप्रिय उप–ब्रांड, जैसे माइन डायमंड ज्वैलरी, एरा अनकट डायमंड ज्वैलरी, डिवाइन हेरिटेज ज्वैलरी, एथनिक्स हैंडक्राफ्टेड ज्वैलरी, प्रीसिया जेमस्टोन ज्वैलरी, विराज पोल्की ज्वैलरी और प्रत्येक ब्रांड के तहत अद्वितीय संग्रह की एक विशाल श्रृंखला शामिल है। ग्राहक पारंपरिक और समकालीन से लेकर हल्के और रोजमर्रा के पहनावे तक विभिन्न प्राथमिकताओं को पूरा करते हुए सोने, हीरे, कीमती रत्नों, प्लैटिनम और अन्य में डिजाइनों की एक विविध श्रृंखला का पता लगा सकते हैं। स्टोर शादियों को वास्तव में अविस्मरणीय बनाने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किए गए विशेष ब्राइडल कलेक्शन भी प्रदर्शित करता है। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता और निष्पक्षता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध है। ब्रांड का 'फेयर प्राइस प्रॉमिस' यह सुनिश्चित करता है कि ग्राहक उचित मेकिंग शुल्क के साथ अपने पसंदीदा आभूषण खरीद सकें। इसके अलावा, ब्रांड की पहल श्वन इंडिया वन गोल्ड रेटश योजना, देश में अपने सभी स्टोरों पर सोने के लिए एक समान मूल्य निधारिण प्रदान करती है।

अपने ग्राहकों के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स 10 वादे पेश करता है। मालाबार वादों में एक पारदर्शी मूल्य टैग शामिल है जो स्टोन के वजन, शुद्ध वजन और आभूषण के स्टोन के शुल्क को दर्शाता हैय आभूषणों के लिए आजीवन निःशुल्क रखरखाव का आश्वासनय पुराने सोने के आभूषणों को एक्सचेंज करने पर सोने का 100ः मूल्यय 100ः भ्न्प्क–अनुपालक सोनाय प्ळ और ळ.प्।–प्रमाणित हीरे वैश्विक मानकों की 28–बिंदु गुणवत्ता जांच, बायबैक गारंटी सुनिश्चित करते हैंय कम्प्लीमेंटरी आभूषण बीमा, जिम्मेदार सोर्सिंगय और फेयर लेबर प्रैक्टिस।

# लखनऊ ट्रिपल मर्डर व ताबड़तोड़ फायरिंग से दहल उठा मलिहाबाद

लखनऊ(आरएनएस) । उत्तर प्रदेश की राजधानी में बड़ी वारदात हो गई। यहां के मलिहाबाद थानाक्षेत्र में जमीन की पैमाइश के विवाद में घर में घुसकर दिनदहाड़े महिला समेत तीन को गोलियों से भून दिया। वहीं गोलियां की तड़तड़ाहट से पूरा इलाका दहल गया। लोग घर के डर मारे अपने घरों में छिप गए। इसके बाद फायरिंग करने वाले फिर थार कार पर सवार होकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस की तैनाती कर दी गई है। वहीं पुलिस कमिश्नर व जिलाधिकारी भी मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया। मुख्य आरोपी के ड्राइवर को थार समेत गिरफ्तार कर लिया है अन्य की गिरफ्तारी के लिए कुल पांच टीम गठित की गई है। घटना के दूसरे दिन भी गांव में सन्नाटा पसरा दिखाई दिया। हर कोई दहशत में दिखा।जमीन के विवाद मेंआरोपियों ने घर में घुसकर मारी गोलीथानाक्षेत्र के मोहम्मदनगर तालुकेदारी गांव निवासी लल्लनखां उर्फ शिराज खान का गांव के ही फरीद खान के बीच जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था। फरीद रिश्ते में लल्लनखां का दामाद है। जिसको लेकर दोनों के बीच आये दिन विवाद होता रहता था। रोज–रोज के विवाद से तंग आकर शुक्रवार को फरीद जमीन की पैमाइश कराने के लिए लेखपाल बुलाया था। इस मौके पर दोनों पक्ष के लोग मौजूद थे लेकन फरीद खान वहां नहीं पहुंचा और मामला कोर्ट में होने के कारण लेखपाल बिना पैमाइश के जाने लगा। इसी बीच लल्लन खां और उसका बेटा फराज तथा ड्राइवर थार गाड़ी लेकर सीधे फरीद घर पहुंचा। जहां पर पहले गाली गलौज हुआ। इसके बाद लल्लन खां और बेटे ने लाइसेंसी बदूंक से फरीद के घर में घुसकर गए। ताबड़तोड़ फायरिंग के बाद फरीद के भाई मुनीर उम्र करीब 55 वर्ष, उसकी पत्नी फरहीन उम्र करीब 35 वर्ष और बेटे हंजला उम्र करीब 16 वर्ष की गोली मारकर हत्या कर दी। तड़ातड़ फायरिंग की आवाज सुनकर घरों में छिप गए लोगयह पूरी वारदात दिन दहाड़े हुई। इस दौरान गांव में मौजूद किसी कि हिम्मत नहीं हुई वहां तक जाने की। लोग ताबड़तोड़ फायरिंग की आवाज सुनकर अपने घरों को अंदर से बंद कर लिया। वारदात करने के बाद आरोपी गांव में लाइसेंसी बंदूक लहराते हुए फरार हो गये। दिन दहाड़े ट्रिपल मर्डर की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन–फानन में कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ अधिकारी मौके पर जा पहुंचे। गांव में तनाव को देखते हुए फोर्स तैनात कर दी गई है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि महिला समेत तीन की गोली मारकर हत्या की गई है। शव को पोस्टमार्टम को भेजने के बाद परिजनों की तहरीर पर लल्लनखां और उसके परिजनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। हत्यारोपी अभी घर से फरार है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। किसी और के घायल होने की सूचना नहीं है।हत्यारोपी गब्बर सिंह नाम से इलाके में है मशहूरघटना के बाद गांव के लोगों का कहना है कि हत्यारोपी लल्लन 70–80 के दशक में बुलेट और घोड़े से चलते थे,पुराने लखनऊ में उनका नाम गब्बर सिंह से मशहूर था। उस दौरान में इसके ऊपर हत्या, बलवा, हत्या के प्रयास जैसे कई संगीन मुकदमे दर्ज है। यही वजह है कि इसकी लोगों में दहशत है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर दिख रहा है कि लल्लनखां अपने बेटे फराज और थार चालक अशरफ के साथ फरीद के घर पहुंचा। सबसे पहले फरीद के बेटे हंसला के सिर में गोली मारी तो वह जमीन पर गिर पड़ा। गोली की आवाज सुनकर चाचा मुनीर पहुंचा तो उसके ऊपर ताबड़तोड़ रायफल से फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद फरीद के पत्नी फरहीम पहुंच गयी और रायफल को छीनने का प्रयास किया तो उसे भी गोलियों से भून दिया। इसके बाद जब पूरी तरह से संतुष्ठ हो गए की तीनों की मौत हो गई है तब वहां से फरार हो गए। करीब दो मिनट में पूरी वारदाता को अंजाम दिया गया।जमीन की पैमाइश करने पहुंचा था लेखपाल, पुलिस को नहीं दी सूचना जानकारी के लिए बता दें कि लेखपाल भी हमलावरों के साथ फरीद खान के घर थार कार से पहुंचा था। जब फायरिंग शुरू हो गई तो लेखपाल रघुवीर सिंह यादवमौके से भाग निकला। लेखपाल की भूमिका को संदिग्ध देखते हुए उसकी भी जांच की जा रही है। चूंकि बताया जा रहा है कि हिस्ट्रीशीटर लल्लनखां के पास अरबों की जमीन है। जिसकी वजह से माना जा रहा है कि लेखपाल भी उसके प्रभाव में रहा होगा। जबकि नियमानुसार लेखपाल को पैमाइश पर जाने से पहले पुलिस को सूचित किया जाना था। अगर मौके पर पुलिस गई होती तो शायद यह वारदात नहीं होती। इस लिए जिला प्रशासन इसकी भी जांच शुरू कर दी है। आरोपी हिस्ट्रीशीटर होने के बाद कैसे बन गया बंदूक लाइसेंस और पासपोर्ट ट्रिपल मर्डर के बाद घटना स्थल पर पुलिस कमिश्नर एसवी शिरोडकर और जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार मौके पर पहुंचे और पूछताछ की तो पता चला मुख्य आरोपी लल्लन खां थाने का हिस्ट्रीशीटर है। साथ ही लल्लन के ऊपर हत्या, बलवा तथा हत्या के प्रयास जैसे 18 मुकदमे दर्ज है। इसके बाद बाद भी उसके पास लाइसेंसी रायफल और पोसपोर्ट है। जबकि हिस्ट्रीशीटर का यह दोनों नहीं बन सकता है। अब पुलिस और प्रशासन इन बिन्दुओं की भी जांच करने में जुट गया है कि आखिर कैसे इसका बंदूक का लाइसेंस और पासपोर्ट बन गया है। चूंकि घटना के बाद पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालियां निशान भी खड़ा हो गया है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, मात्र छह फिट जमीन के लिए की वारदात जिस समय यह वारदात हुई, उस समय ठीक घर के सामने सीसीटीवी कैमरा लगा था। जिसमें पूरी वारदात कैमरे में कैद हो गई। इतना ही लोग डर के मारे घरों में घुसकर मोबाइल से भी पूरी वारदात की वीडियो बना रहे थे। बताया जा रहा है घटना शुक्रवार दोहर 3. 40 मिनट की है। यह सब मात्र छह फिट जमीन के लिए हुआ है। सीसीटीवी कैमरे में साफ दिख रहा है कि कैसे गब्बर सिंह उन्हें धमकाता हुए गोली मार रहा है। वहीं उसका बेटा उससे रायफल छीनकर फरहीन को गोली मारता है। हमलावरों के सिर पर इस तरह खून सवार था कि किसी को जिंदा नहीं छोड़ना चाहते थे। आरोपी व लाइसेंस व पासपोर्ट कैसे बना इसकी की जाएगी जांच रू पुलिस कमिश्नर पुलिस कमिश्नर एसबी शिरोडकर ने बताया कि पैमाइश जो हुई है उसे दौरान थाने को सूचना नहीं दी गई थी। विवाद जो चल रहा था वह एसडीएम कोर्ट में चल रहा है। यह पुराना लंबित विवाद था। अभी इस पूरे प्रकरण की जानकारी की जाएगी। पूछताछ के दौरान पता चला कि दोनों पक्षों में रिश्तेदारी थी। वाद विवाद जब बढ़ा तब असलहे का प्रयोग किया है। इसमें शीघ्र की इनकी गिरफ्तारी करके बहुत सख्त कार्रवाई की जाएगी।मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर लल्लन के लाइसेंसी बंदूक के लाइसेंस बनने की बात वर्ष 2000 में निकलकर सामने आयी है। इस प्रकरण की विस्तार से जांच की आवश्यकता है। आरोपी का पासपोर्ट भी बना है। इसकी भी जांच की जाएगी। इस घटना में तीन व्यक्ति शामिल थे , जांच के दौरान पता चलेगा कितने लोग शामिल थे। जमीन को लेकर सीधी विवाद नहीं था रू जिलाधिकारी जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि अभी परिवार वालों के साथ वार्ता किया है। बहुत ही दुखद आपराधिक घटना है। इसमें जो अपराधी है वह हिस्ट्रीशीटर है और उसने अपने ही परिवार के लोगों की हत्या की है। इसकी जांच प्रारंभ कर दी गई है। पूछताछ के दौरान पता चला कि ये दोनों सगे भाई है। लल्लन के भाई हैं सलीम जिनकी बेटी है जिनको लल्लन और उसके बेटे ने गोली मारकर हत्या की है। इनका आपस में जमीन का विवाद नहीं है। ऐसा मृतक के परिजनों का कहना है लेकिन इनका एक संयुक्त खाता था जिस पर बंटवारे का मुकदमा हुआ है। बंटवारे को वाद पर फैसला वर्ष 2013 में आया था। उसके बाद इसकी निगरानी 2018 में की गई थी जिसकी अपील कमिश्नरी में अभी चल रही है। इसी बीच में अभी जनवरी में एक पक्षकार उसके आदेश के खिलाफ एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया था।

# भावी पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे डा. जगदीश गाँधी– श्री ब्रजेश पाठक, उप–मुख्यमंत्री, उ.प्र.

लखनऊ, 3 फरवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के हजारों छात्रों, शिक्षकों व कार्यकर्ताओं ने अपने आध्यात्मिक अभिभावक एवं सी.एम.एस. संस्थापक स्व. जगदीश गाँधी की स्मृति में विशाल 'स्मृति मार्च' निकालकर शिक्षा जगत, सामाजिक उत्थान एवं भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास में उनके योगदान को याद किया और विश्व एकता, विश्व शान्ति व विश्व के ढाई अरब बच्चों के सुरक्षित व सुखमय भविष्य के उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। सी.एम.एस. छात्रों का यह विशाल 'स्मृति मार्च' गोमती नगर स्थित 1090 चौराहे से लोहिया पार्क तक निकाला गया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रदेश के उप–मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने झंडी दिखाकर मार्च को रवाना किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री पाठक ने कहा कि डा. जगदीश गाँधी का जीवन दर्शन भावी पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा, जिन्होंने वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ियां के उज्जवल भविष्य के लिए अपने जीवन को खपा दिया। शिक्षा के क्षेत्र में डा. जगदीश गाँधी के अतुलनीय योगदान हेतु शिक्षा जगत सदैव उनका ऋणी रहेगा।

सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने इस अवसर पर कहा कि डा. जगदीश गाँधी जी ने हम सभी को भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य का सपना दिखाया है, जिस पर हमें गर्व है और इस सपने को पूरा करने के लिए सी.एम.एस. का प्रत्येक छात्र, शिक्षक व अभिभावक संकल्पित है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि डा. जगदीश गाँधी जी न सिर्फ शिक्षा जगत में क्रान्तिवीर रहे हैं अपितु विश्व एकता, विश्व शान्ति व भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के जननायक है। उनके विचार सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।डा. जगदीश गाँधी के प्रेरणादायी विचारों का उद्घोष करते इस मार्च को लखनऊ के नागरिकों ने अपना भरपूर समर्थन दिया और सी.एम.एस. छात्रों व शिक्षकों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। डा. जगदीश गाँधी की 'स्मृति प्रार्थना सभा' का आयोजन कल 4 फरवरी, रविवार को प्रातः 11 बजे से सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। इस स्मृति प्रार्थना सभा में लखनऊ के सभी प्रबुद्ध जनमानस सादर आमन्त्रित हैं।




# मेजर ध्यानचंद क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में परवई इलेवन को डॉ० संदीप ने सौंपी विजेता ट्रॉफी

झाँसी। मेजर ध्यानचंद क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में एस.आई.सी ग्राउंड सीपरी बाजार में मेजर ध्यानचंद क्रिकेट लीग टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 22 टीमों ने भाग लिया और आपस में लीग मैच खेलते हुए चार टीम सेमी फाइनल के लिए क्वालीफाई हुई पहला सेमीफाइनल मैच झांसी फिनिशर और इलेवन स्टार के बीच खेला गया तथा दूसरा सेमीफाइनल मैच परवई इलेवन वर्सेस मां लहर इलेवन के बीच खेला गया जिसमें परवई इलेवन और झांसी फिनिशर ने सेमी फाइनल मैच जीतकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच परवई इलेवन वर्सेस झाँसी फिनिशर के बीच खेला गया, मैच के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ० संदीप द्वारा दोनों टीमों के मध्य टॉस कराया गया जिसमें परवई इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए परवई इलेवन ने 14 ओवर में 10 विकेट पर कुल 107 रन ही बनाए जिसमें सर्वाधिक विकेट राजू मास्टर ने लिए और इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी झांसी फिनिशर की टीम 67 रन पर ऑल आउट हो गई इस तरह से परवई इलेवन ने फाइनल में 39 रनों से जीत हासिल की। इस टूर्नामेंट के फाइनल मैच की अध्यक्षता सीपरी थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडे ने की। विशिष्ट अतिथि में गौरी फाउंडेशन के अध्यक्ष राहुल द्विवेदी, पूर्व सभासद विद्या प्रकाश दुबे रहे। कार्यक्रम का संचालन व्यापारी महासंघ के संरक्षक बी.के. पांडे ने किया। मुख्य अतिथि डॉ० संदीप सरावगी ने विजेता टीम को नगद घ21000 तथा उपविजेता को घ11000 का नगद पुरस्कार दिया तथा सभी खिलाड़ियों को मैडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ० संदीप ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा क्रिकेट भारत का सर्वाधिक लोकप्रिय खेल है। हर खेल में किसी की जीत और किसी की हार होती है लेकिन दोनों टीमों का संयुक्त रूप से क्रिया गया प्रयास खेल को रोचक बनता है। हर खेल में अच्छे प्रदर्शन से आवश्यक खेल भावना के साथ मैदान में उतरना है। शारीरिक सेहत बनाए रखने के लिए हमें किसी न किसी खेल में हिस्सा लेना चाहिए खेल चाहे इंडोर हो या आउटडोर सभी खेल सेहत के लिए लाभदायक है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए हमारी समिति लगातार प्रयास कर रही है समय–समय पर हम कई कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं और हमारा उद्देश्य है किसी अभाव में किसी भी खिलाड़ी की प्रतिभा का दमन न हो सके। मेजर ध्यानचंद क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट की आयोजन समिति के संरक्षक भानु प्रसाद शुक्ला, एडवोकेट अविनाश सक्सेना, शिशु कांत द्विवेदी तथा युवा कमेटी में अंशुल कुशवाहा, राहुल शुक्ला, अंकित शुक्ला रंजीत रैकवार, भुवन सक्सेना, विवेक रायकवार द्वारा सफल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, फाइनल मैच में संघर्ष सेवा समिति से संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, बसंत गुप्ता, सुशांत गेड़ा, राकेश अहिरवार, आशीष विश्वकर्मा, भरत कुशवाहा, मिथुन कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। अंत में व्यापारी नेता नवीन अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया ।



# बी फाउण्डेशन के तत्वावधान में झांसी में ही नहीं पूरे बुन्देलखण्ड में पहली बार सुडोकू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रदीप वर्मा जिला संवाददाता झांसी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री प्रदीप जैन आदित्य रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष मजहर अली ने की। प्रतियोगिता की प्रशंसनीय व्यवस्था की जिम्मेदारी का वहन दिलीप कुशवाहा द्वारा किया गया। राष्ट्रीय महासचिव नितीश मौर्या ने फाउण्डेशन के उद्दश्यों पर प्रकाश डाला तथा अन्त में आभार सुहैल खान ने व्यक्त किया। इस मौके पर रिटार्यड सूबेदार जे के दोहरे ने सुडोकू प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि फाउण्डेशन का यह प्रयास प्रशंसनीय है। सुडोकू एक मस्तिष्क को तेज करने वाला पजल है और इसको शांतप्रियता के साथ खेलने में खेलने वाले को एक अजीब से मन को संतोष की अनुभूति होती है। प्रदीप जैन आदित्य ने कहा फाउण्डेशन का यह प्रथम प्रयास सफलता की श्रेणी में आता है। हमें विश्वास है कि फाण्उडेशन समाज की भलाई के लिए आगे भी बेहतर प्रतियोगिताएं आयोजित करेगा और शिक्षा, स्वास्थ और खेलों को प्रोत्साहन देने की ईमानदार कोशिश करता रहेगा।राष्ट्रीय अध्यक्ष मजहर अली ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि फाउण्डेशन निरन्तर प्रतियोगिताएं आयोजित करता रहेगा। बेहतर और उच्च कोटि के समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी ईमानदारी के साथ निभाता रहेगा। फाण्उडेशन सभी प्रतिभागियों को बधाई देता है कि उन्होंने दूर दूर से आकर इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रतियोगिता शुरू होने से पहले संरक्षक रिटार्यड सूबेदार जे के दोहरे तथा राजेन्द्र राय ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियम बताये। परिणाम स्वरूप शांति पूर्ण प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। विजेयता नगरा झांसी के निवासी ज्ञान सिंह गुर्जर रहे और उन्हें प्रथम पुरूस्कार प्रदान किया गया तथा द्वितीय पुरूस्कार ग्राम बड़ागॉव तहसील उरई के निवासी राम प्रकाश ने जीता। इसके अलावा सुरेश चन्द्र, अनवर खान, दीपांशू कुशवाहा और हिमांशू कुशवाहा को संतावना पुरूस्कार दिए गये।अन्त में जिला अस्पताल, झांसी में कार्यरत रईस मंसूरी को शाल और फूल माला पहना कर उनके सम्पर्ण भाव के साथ सेवाएं प्रदान करने के लिए रिटायर्ड सूबेदार जे के दोहरे द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर अनिल रिछारिया, अखलाक मकरानी, आकाश वर्मा, दीपक, अनवरी बेगम, गंगा कुशवाहा, नफीसा, इंशा रजा, शेख मुहम्मद मुशीर, इनाया अली, और सीमा उपस्थित रहे तथा प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में इन्होंने पूरा सहयोग प्रदान किया।




# अबकी बार पीडीए सरकार - आर एस कुशवाहा

झांसी। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में राजकीय संग्रहालय में संपन्न हुई इस अवसर पर पूर्व विधायक पूर्व मंत्री झांसी ललितपुर लोकसभा प्रभारी आर एस कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं ने अबकी बार पीडीए सरकार की बात कही व बूथ स्तर पर समाजवादी पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता मजबूती से खड़ा रहे। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आर एस कुशवाहा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार लोक लुभावन बजट पेश करके पुनः जनता को गुमराह कर जल्द ही लोकसभा चुनाव की घोषणा कर सकती है इसलिए हम सभी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को लोगों के बीच जाकर के पीडीए पखवाड़ा लगाकर जागरूक करना है क्योंकि पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक वर्ग ही देश में पुनः बदलाव ला सकता है । उन्होंने बूथ स्तर कार्यकर्ताओं को अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा पूर्वक करने का आवाहन किया, उन्होंने बताया कि पद से कुछ नहीं होता पद केवल राष्ट्रीय अध्यक्ष की बात कुछ ही समय में आप लोगों के पास पहुंचने का माध्यम होता है, उन्होंने बताया कि हमारे देश में 52ः पिछड़ा वर्ग है बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने हमें मजबूत संविधान दिया। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था जीरो है। अपराध चरम पर है। भाजपा सरकार में जगह–जगह हत्याएं हो रही है। कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। अन्याय, अत्याचार, महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। पूरे प्रदेश में लूट मची है। इतना लूट और भ्रष्टाचार यूपी में कभी नहीं रहा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार में महंगाई और भ्रष्टाचार कम नहीं हुआ। अन्याय, अत्याचार चरम पर है।




उन्होंने कहा कि नौजवानों के लिए नौकरी, रोजगार नहीं है। घर–घर पढ़ा–लिखा नौजवान, बेरोजगार बैठा है, भाजपा सरकार पीडीए के अधिकार छीन रही है। पीडीए को अपमानित कर रही है। पीडीए एकजुट हो रहा है जिसके कारण भाजपा डरी हुई है। समाजवादी पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। लोकसभा चुनाव में पीडीए भाजपा के एनडीए को हरायेगा। भाजपा की डबल इंजन सरकार से जनता नाराज है। जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया कर देगी। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी दादा श्याम सुंदर यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष मिर्जा करामात बेग, झांसी प्रभारी रामसेवक पाल, सलीम खानजादा विजय झांसिया, श्रीमती दीपाली रैकवार, श्रीमती मीरा रैकवार, मीरा भारती, आस्मां शहनवाज खान, जवाहर सिंह भूरे, शकील खान, अबरार अली, अमित कुशवाहा, चंदन खटीक , विक्रम खटीक , आमिर खान , कृष्णपाल सिंह गुर्जर, अमित ठाकुर, नासिर सलमानी, भगवत राजपूत, महीपत झा, शैलेंद्र यादव ने विचार व्यक्त किया। संचालन आरिफ खान ने किया आभार जिला अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह यादव ने किया।

# नगरा प्रभाग झांसी की पोस्ट संख्या–02 की मासिक बैठक सम्पन्न

झांसी ! नागरिक सुरक्षा कोर नगरा प्रभाग झांसी की पोस्ट संख्या–02 की मासिक बैठक एस० आर० एम० पब्लिक स्कूल महाराज सिंह नगर पुलिया नं०–9 पर अपरान्ह 4रू00 बजे संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक सुनील




कुमार सिंह जी एवं प्रभारी सहायक उप नियंत्रक सुमित गौड़ तथा विशिष्ट अतिथि डिप्टी डिवीजनल वार्डन अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव उपस्थिति रहे। बैठक की अध्यक्षता पोस्ट वार्डन कालका प्रसाद द्वारा की गई। बैठक में बैठक में वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक जी ने उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा झाँसी शिवराज सिंह के दिए निर्देशानुसार, लक्ष्य के सापेक्ष पोस्ट में वार्डन सेवा में भर्ती एवं हाउस होल्ड रजिस्टर पूर्ण कराए जाने, क्षेत्र में प्रशिक्षण आयोजित कराते हुए अधिक से अधिक लोगो को प्रशिक्षित किए जाने तथा मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कराए जाने के बारे में निर्देश दिए उक्त बैठक का आयोजन कुसुम द्वारा किया गया।

# भूमि विवाद में मौके पर जाकर समस्याओं का करे निस्तारण –नितीश कुमार

## –डीएम की अध्यक्षता में तहसील बीकापुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में आज तहसील बीकापुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जनता की समस्याओं को बहुत ही गंभीरता के साथ सुनकर विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही यथासंभव समस्याओं का निराकरण किया गया शेष समस्याओं को संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने एग्री स्टैक के सर्वे कार्य से संबंधित कार्मिकों यथा पंचायत सहायकों, लेखपालों, कृषि विभाग के कर्मियों के भुगतान की स्थिति शून्य होने पर उप निदेशक कृषि पर नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को अपने अपने विभाग से संबंधित कार्मिकों का डाटा तत्काल उप निदेशक कृषि को उपलब्ध कराने व उप निदेशक कृषि को इन एग्री स्टैक से संबंधित समस्त कार्मिकों का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने राशन कार्ड से संबंधित प्रकरणों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा निस्तारण की स्पष्ट स्थिति से आवेदनकर्ता को भी अवगत कराने हेतु जिला पूर्ति अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई करते हुए कहा कि भूमि विवाद के प्रकरण में आवश्यकतानुसार राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर स्पष्ट आख्या पोर्टल पर अपलोड करें व शिकायतकर्ता को भी निस्तारण की स्थिति से स्पष्ट रूप से अवगत कराएं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने चकमार्गो पर अतिक्रमण संबंधी शिकायतों पर तहसीलदार को प्रकरण का परीक्षण कर चकमार्ग को नक्शे के अनुसार कायम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लेखपाल अपने अपने क्षेत्र में सुनिश्चित करें कि किसी भी सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न हो। उन्होंने न्यायालयों के आदेशों का राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाय। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राज करन नय्यर ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को जन सामान्य की समस्याओं पर आवश्यकतानुसार राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 222 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 12 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर किया गया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध्एसडीएम बीकापुर ध्रुव खाडिया, एसडीएम न्यायिक बृजेश कुमार प्रसाद, पीडी डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, डीडी कृषि, आदि सहित अन्य समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी तथा क्षेत्रीय खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# राम मंदिर की तरह काशी व मथुरा का भी हो उद्धार – एम.एस. बिट्टा

## –आल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष ने रामलला से मांगा आशीर्वाद

अयोध्या (आरएनएस)। ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष एमएस बिट्टा ने कहा कि अब तक रामलला से जो भी मांगा, वह पूरा हुआ जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो गया। प्राण प्रतिष्ठा के महापर्व में देश दुनिया के लोगों ने शिरकत की। उन्होंने रामलला और हनुमान जी से कामना की है कि राम मंदिर की तरह जल्द ही काशी और मथुरा का उद्धार हो तथा प्रधानमंत्री मोदी को लंबी उम्र मिले जिससे वह राष्ट्र और धर्म तथा जवान और किसान की सेवा कर सकें। वह शनिवार को एक होटल में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा की न तो उनका भाजपा से कोई लेना–देना है और ना ही किसी अन्य राजनीतिक दल से। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में उनकी जान जाते–जाते बची थी, वह आज जिंदा है तो पीएम मोदी और तत्कालीन जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी के चलते। अब वह अपनी बोनस की जिंदगी जी रहे हैं। कांग्रेस शासन काल में जब रामसेतु को तोड़ने की कोशिश हुई थी तो वह अपनी जान देने के लिए अड़ गए थे। राम मंदिर मामले में भी कुर्बानी देने की बात कही थी। उनको मिशन भगवान खुद ही देते हैं। वह तब भी अयोध्या आए थे जब गोली बम चला था और अक्सर आते रहते हैं। खालिस्तान समर्थक पन्नू को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि पन्नू पाक के टुकड़ों पर पल रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान धमकी दी और अमेरिका कनाडा के मंदिरों में आपत्तिजनक बातें लिखी गई। बिट्टा ने कहा उनके लिए राष्ट्र प्रथम और भारत एक है, उनकी लाश पर ही खालिस्तान बन सकेगा। भटके हुए लोगों का या सपना कभी पूरा नहीं होगा। कनाडा तो खालिस्तान जैसा बन गया है, अगर उनको खालिस्तान बनाना ही है तो पाकिस्तान के लाहौर में बनाएं। बिट्टा ने विपक्षी दलों पर भी जमकर निशाना साधा, कहा कि वह लोग इसलिए प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आए कि जनता और संत महंत उनसे सवाल पूछते कि आपके राज में राम मंदिर का निर्माण क्यों नहीं हुआ? 370 क्यों नहीं हटी? कश्मीर की समस्या किसने पैदा की? रामलला टाट में क्यों पड़े रहे? उन्होंने पीएम योगी की भी तारीफ की और कहा कि प्रदेश के विकास और कानून व्यवस्था के चलते आज पंजाब हरियाणा के लोग यहां निवेश करने आ रहे हैं।अयोध्या की सूरत बदल गई है और त्रेता काल जैसा आभास दे रही है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सिख समाज की ओर से पर्याप्त भागीदारी न होने पर उन्होंने अफसोस जताया। हरमिंदर साहब में सभी वर्गों के लोग जाते है, फिर राम मंदिर से सिख समाज को नफरत क्यों ? राम सबके हैं और सबके रहेंगे। साथ ही कहा कि देश के मुसलमान ने राम मंदिर मामले में संयम और धर्मनिरपेक्षता का परिचय दिया। इसी तरह उनका राष्ट्रपति के पास जाना चाहिए और काशी मथुरा हिंदू भाइयों के हवाले कर देना चाहिए।

# रालोद ने बताया चुनावी बजट, कहा, खोदा पहाड़, निकली चुहिया मंगल सिंह खंगार

झांसी। राष्ट्रीय लोकदल मंडल अध्यक्ष झांसी मंगल सिंह उर्फ बबलू खंगार का कहना है कि वित्त मंत्री जी बजट पर 58 मिनट तक बोलती रहीं, देश को राहत चाहिए थी, भाषण नहीं। मंडल अध्यक्ष ने ट्वीट करके बताया कि इस बजट से किसानों, गरीबों ,युवाओं को कोई फायदा नहीं हुआ यह बजट हवा में उड़ गया है देश की जनता जनार्दन आपके फालतू के भाषण सुनने को नहीं बैठी हैं । वित्त मंत्री जी यह तो वहीं कहावत हुई खोदा पहाड़ निकली चुहिया।



भाजपा सरकार ने मध्यवर्गीय नागरिकों तथा नौकरी पेसा मिडिल क्लास को फिर ठेंगा दिखाकर आयकर में कोई राहत नहीं दी। क्या ये सिर्फ चुनावी बजट है ?किसानों की आय बढ़ाने, बेरोजगार युवाओं तथा छात्रो के लिए कुछ नहीं किया। व्यापारियों को किसी प्रकार की छूट न देते हुए उन पर जीएसटी के रूप में सरकार को टैक्स देने का दबाव बढ़ाया, आम जरूरत के रूप में किसी भी प्रकार की छूट गृहणियों को उनकी रसोई में नहीं दी।राष्ट्रीय लोकदल मंडल अध्यक्ष झांसी मंगल सिंह उर्फ बबलू खंगार का कहना है कि बजट में युवाओ के लिये कुछ नही है। बजट में मंहगाई बेराजगारी से निजात दिलाने को कोई योजना नहीं है। मजदूरो को बजट में कुछ नही मिला। सभी वर्ग बजट से निराश है।बजट केवल सभी वर्गों के लिये मुंगेरी लाल के हसीन सपने दिखाने जैसा है।उधर, भाजपा पदाधिकारियों ने बजट को सर्वमान्य बजट बताते हुए कहा था कि बजट हर वर्ग की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का काम करेगा। सभी वर्ग के लोगों को इस बजट से राहत मिलेगी।

# संपादकीय

## पेच पड़ गए हैं

खबरों में बताया गया है कि अमेरिका भारत को समुद्री और आसमानी गार्जियन ड्रोन्स आपूर्ति तब तक नहीं करेगा, जब तक भारत में गुरपतवंत सिंह पन्नूं मामले की सार्थक जांच नहीं होती है। यह दोनों देशों के रिश्तों में पड़े पेच का संकेत है।अमेरिका ने भारत को समुद्री और आसमानी गार्जियन ड्रोन्स की सप्लाई रोक दी है। बताया गया है कि यह आपूर्ति तब तक नहीं होगी, जब तक भारत में गुरपतवंत सिंह पन्नूं मामले की सार्थक जांच नहीं होती है। यह खबर एक वेबसाइट ने दी कि अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्यों ने ड्रोन करार की मंजूरी रोक रखी है। इस बारे में जब मीडियाकर्मियों ने संपर्क किया, तो नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने कूटनीतिक भाषा में जवाब दिया कि जो बाइडेन प्रशासन कांग्रेस के साथ इस बारे में कांग्रेस से संवाद कायम रखे हुए है। तीन बिलियन डॉलर का यह ड्रोन करार पिछले जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुचर्चित वॉशिंगटन यात्रा के दौरान हुआ था। आलोचकों ने तब कहा था कि इन ड्रोन्स से अमेरिका की इंडो–पैसिफिक रणनीति को बल मिलेगा, जिसकी कीमत भारत चुका रहा है। बहरहाल, मुद्दे की बात यह है कि जिस ड्रोन सौदे को खुद अमेरिका के लिए फायदेमंद समझा गया, अमेरिकी कांग्रेस ने उसे अब तक हरी झंडी नहीं दी है। यह संकेत है कि अमेरिका में पन्नू मामले को कितनी गंभीरता से लिया गया है।अमेरिका में पन्नू की हत्या की कथित कोशिश से पहले एक अन्य खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में हत्या का विवाद सामने आया था। जब कनाडा ने निज्जर हत्याकांड में भारत के हाथ का आरोप लगाया, तो भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दिखाई थी। मगर पन्नू के मामले में भारत ने जांच का एलान किया। बल्कि संभवतरू अमेरिकी दबाव के कारण ही निज्जर मामले में भी भारत ने अपना रुख नरम किया। पिछले हफ्ते कनाडा की निर्वतमान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोडी थॉमस ने एक इंटरव्यू में कहा था कि अब भारत निज्जर हत्याकांड की जांच में पूरा सहयोग कर रहा है। भारत ने इन दोनों मामलों में अपनी कोई भूमिका होने से साफ इनकार किया है। इसके बावजूद अमेरिका संतुष्ट नहीं है। संभवतरू वह भारत में पन्नू मामले की चल रही जांच की प्रगति से भी संतुष्ट नहीं है। इस कारण एक महत्त्वपूर्ण करार में रुकावट डाल दी गई है। यह दोनों देशों के रिश्तों में पड़े पेच का संकेत है।

## हेमंत की गिरफ्तारी, विपक्षी नेता चिंता में

बिहार में नीतीश कुमार के पाला बदल कर एनडीए में चले जाने और भाजपा की मदद से मुख्यमंत्री बन जाने की घटना ने कांग्रेस और विपक्ष को जितनी चिंता में नहीं डाला है उससे ज्यादा चिंता झारखंड के घटनाक्रम से हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सिर पर बैठ कर जिस तरह से ईडी ने उनका इस्तीफा कराया और उसके बाद उनको गिरफ्तार किया उससे विपक्ष के कई नेता बेचौन हुए हैं। खास कर ऐसे नेता, जिनसे ईडी की पूछताछ चल रही है और अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। बिहार से लेकर पश्चिम बंगाल और हरियाणा से लेकर दिल्ली व महाराष्ट्र तक विपक्षी पार्टियों के नेता चिंता में हैं। सबको गिरफ्तारी की चिंता सता रही है। उनकी चिंता यह है कि अगर भाजपा को लगा कि किसी नेता की वजह से 2024 के चुनाव में नुकसान हो सकता है तो एजेंसी उस नेता को गिरफ्तार करके रास्ते से हटा सकती है। इस चिंता में सबसे ज्यादा लालू प्रसाद का परिवार है। उनके परिवार के पांच लोगों से ईडी की पूछताछ चल रही है। लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी के अलावा बेटे तेजस्वी यादव और दो बेटियों, मीसा भारती व हेमा यादव का नाम जमीन के बदले रेलवे में नौकरी से जुड़े कथित घोटाले में शामिल किया गया है। लालू से 29 और तेजस्वी से 30 जनवरी को पूछताछ हुई थी। अब राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा यादव को नौ फरवरी को दिल्ली में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उसी दिन इन तीनों को दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत में पेश होना है, जहां आरोप तय होंगे। सो, लालू परिवार में चिंता है। लालू प्रसाद या तेजस्वी यादव में से किसी को गिरफ्तार होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि इनके करीबी रहे अमित कत्याल ने केंद्रीय एजेंसी को कुछ जानकारी दी है। कत्याल अभी जेल में बंद हैं। गौरतलब है कि राजद की राजनीति लालू और तेजस्वी ही संभाल रहे हैं।इसी तरह दिल्ली में आम आदमी पार्टी में चिंता है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बहुत परेशान हैं और इस परेशानी में ही वे विधायकों को 25–25 करोड़ रुपए देने और उन्हें तोडने की साजिश के अनाप–शनाप आरोप लगा रहे हैं। वे किसी तरह से यह दिखाना चाहते हैं कि भाजपा उनकी पार्टी तोडने और सरकार गिराने के लिए उनको गिरफ्तार करना चाहती है। वे भ्रष्टाचार के नैरेटिव से ध्यान हटाना चाहते हैं, जबकि भाजपा का प्रयास उनको भ्रष्टाचार के आरोप में घर कर उनके कट्टर ईमानदार होने के नैरेटिव को खत्म करने का है। उनकी पार्टी के दो नेता, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह जेल में हैं और अगर केजरीवाल जेल चले जाते हैं तो उनकी पार्टी का प्रचार अभियान पटरी से उतर जाएगा। ईडी ने उनको पांचवां समन जारी किया है और दो फरवरी को हाजिर होने के लिए कहा है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के ऊपर सीधे कोई आरोप नहीं है। लेकिन उनकी पार्टी के आधा दर्जन से ज्यादा बड़े नेता, विधायक और पूर्व मंत्री गिरफ्तार हो चुके हैं। ममता की चिंता भतीजे अभिषेक और उनकी पत्नी व ससुराल के अन्य लोगों की गिरफ्तारी की है। शिक्षक भर्ती व राशन में कथित घोटाला और कोयला तस्करी का मामला चल रहा है। शरद पवार और उद्धव ठाकरे की पार्टी के नेताओं पर भी कार्रवाई हो रही है। पवार की चिंता अपने पोते रोहित पवार को लेकर है, जो परिवार के विवाद में अजित के साथ जाने की बजाय उनके साथ रहे हैं। रोहित से ईडी ने पूछताछ की है और जल्दी ही उनको दोबारा बुलाया जा सकता है।

## वापसी के भरोसे वाला बजट भाषण

अजीत द्विवेदी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नए संसद भवन में जो पहला बजट भाषण पढ़ा है वह नीतिगत दस्तावेज कम और खर्च का लेखा–जोखा ज्यादा है। वैसे अंतरिम बजट ऐसा ही होना चाहिए। पांच बजट पेश करने के बाद जाती हुई सरकार को नीतिगत घोषणाएं करने की बजाय सिर्फ हिसाब किताब रखना चाहिए और चुनाव के बाद तक के लिए जरूरी खर्च की अनुमति लेनी चाहिए। इस लिहाज से देखें तो निर्मला सीतारमण के भाषण को अंतरिम बजट का टेक्स्ट बुक भाषण कह सकते हैं।उन्होंने खर्च का लेखा–जोखा पेश किया लेकिन चुनाव को ध्यान में रखते हुए ज्यादा जोर यह बताने पर दिया कि उनके पहले के पांच बजटों से क्या क्या हासिल हुआ है या 10 साल के नरेंद्र मोदी के शासन में देश में क्या क्या सुधार हुए हैं। उन्होंने 10 साल की उपलब्धियों के आंकड़े पेश किए। वैसे एक पुरानी कहावत है कि झूठ तीन तरह के होते हैं– झूठ, सफेद झूठ और आंकड़े।बहरहाल, वित्त मंत्री ने बताया कि नरेंद्र मोदी के शासन में आयकर भरने वालों की संख्या में ढाई गुना की बढ़ोतरी हुई है और सरकार के प्रयासों से पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है। उन्होंने बताया है कि मनमोहन सिंह के दस साल यानी 2004 से 2014 के बीच आए विदेशी निवेश के मुकाबले 2014 से 2024 के बीच दोगुना विदेशी निवेश आया है। कुछ और बड़े आंकड़े हैं जैसे कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के तहत 34 लाख करोड़ रुपए लोगों के खाते में डाले गए। पीएम मुद्रा योजना के तहत 22.5 लाख करोड़ रुपए का कर्ज दिया गया।

# आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरने वाला रहा इस बार का आम बजट

केंद्र सरकार ने इस बजट में व्यापारी वर्ग का भी खास ध्यान रखा है। सरकार ने आयकर को यथावत रखा है। इसी प्रकार महिलाओं के विकास पर भी जोर दिया गया है। सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि इस बजट के माध्यम से तीन करोड़ और महिलाओं को लखपति बनाया जाएगा। केंद्र सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट प्रस्तुत कर दिया है। इस बजट में हालांकि कोई व्यापक परिवर्तन नहीं किया है, लेकिन जिस प्रकार पिछले बजट के कारण भारत की दशा और दिशा सुधरी हुई दिखाई देती है, वैसी ही राह का अनुसरण इस बार के बजट में किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले बजटों के माध्यम से भारत ने अर्थ व्यवस्था के मामले में नए कीर्तिमान बनाते हुए एक वैश्विक आयाम स्थापित किया है। जिसकी चर्चा पूरे देश में तो है ही, साथ विश्व के अनेक देश भारत के इन आर्थिक कदमों की प्रशंसा कर रहे हैं। कोरोना काल में जहां एक ओर विश्व के अनेक बड़े देशों की अर्थ व्यवस्था धराशायी हो गई थी, वहीं भारत ने सीना चौड़ा करके एक ऐसी राह का निर्धारण किया, जो भारत को विकसित बनाने में समर्थ है। इस बार का बजट भी निश्चित ही भारत को गरीबी से उबारने का सामर्थ्य पैदा करने वाला ही कहा जाएगा, क्योंकि इस बजट में केंद्र सरकार ने उन बातों पर पुनः फोकस किया जो भारत की गरीब जनता के लिए प्रगति का द्वार खोलती हैं। केंद्र सरकार भारत की जनता को जातियों के आधार पर नहीं देखती। उसकी नजर में देश में केवल चार ही जातियां हैं। जिसमें किसान, युवा, महिला एवं गरीब ही आते हैं। यह किसी भी जाति का क्यों न हो३ इसके लिए इस बजट में भी ध्यान रखा गया है। वास्तव में जिस देश में यह चार वर्ग सशक्त हो जाएं तो उस देश को प्रगति की राह पर जाने से कोई नहीं रोक सकता। मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत ने विकास के रास्ते पर दौड़ लगाई है। इस देश में अब तक करोड़ों वास्तविक गरीबों को आवास मिला है। इसके पूर्व सरकारी सुविधा से निर्मित आवासों में बंदरबांट होता रहा है। जिसमें कई आवास नेताओं के परिजनों को ही मिल जाते थे, जो एक बड़े घोटाले का रूप ले चुका था। केंद्र की मोदी सरकार ने इसमें पारदर्शी तरीके से कार्य करते हुए उन्हीं गरीबों को आवास उपलब्ध कराए, जिनको वास्तव में जरूरत थी। यह आवास हर वर्ग को उपलब्ध कराए, फिर चाहे वह हिन्दू हो अथवा मुसलमान। सरकार भारत की समस्त जनता को अपना परिवार मानकर कार्य कर रही है। उसका नारा भी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास ही है। इस बार के बजट में केंद्र सरकार ने प्रावधान किया है कि आगामी समय में देश के गरीब समाज को गरीबी से बाहर निकालने के लिए दो करोड़ आवास निर्मित किए जाएंगे। इससे जिन मजदूरों की आय का बड़ा हिस्सा मकान किराए के रूप में व्यय होता था, उससे बचा जा सकेगा। मोदी सरकार का यह कदम मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला ही कहा जाएगा। इसलिए इस बजट को मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला भी कहा जा रहा है। कुल मिलाकर इस बजट को गरीबों को सशक्त बनाने वाला बजट निरूपित किया जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।केंद्र सरकार ने इस बजट में व्यापारी वर्ग का भी खास ध्यान रखा है। सरकार ने आयकर को यथावत रखा है। इसी प्रकार महिलाओं के विकास पर भी जोर दिया गया है। सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि इस बजट के माध्यम से तीन करोड़ और महिलाओं को लखपति बनाया जाएगा। विकास की आधारशिला का मुख्य सूत्र माने जाने वाले अधोसंरचना पर भी मोदी सरकार ने प्रमुखता से ध्यान दिया है। इसके विकास के लिए बजट में बढ़ोत्तरी की है। कहा जाता है जिस देश की



अधोसंरचना मजबूत होती है, वह देश विकास की राह पर तेज गति से भागता है। क्योंकि इससे समय की बचत होती है और काम भी आसान हो जाता है। यातायात को सुगम बनाने की दिशा में यह बजट बहुत ही प्रभावी माना जा रहा है। हालांकि जब से मोदी सरकार आई है, तब से अधोसंरचना को विकसित करने के तीव्र गति से कार्य किए जा रहे हैं। जो काम वर्षों में होता था, वह काम इस सरकार के कार्यकाल में महीनों में उच्च गुणवत्ता के हो रहे हैं। इन कामों में पारदर्शिता लाई गई है। इसी प्रकार रेल यात्रियों की सुविधा के लिए भी व्यापक रूपरेखा भी इस बजट में दिखाई देती है। 40 हजार सामान्य श्रेणी के कोचों को वंदे भारत की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। जिससे भारत की गरीब जनता की रेल यात्रा आरामदायक हो सके। इसी प्रकार अधूरी पड़ी रेल परियोजना को भी बहुत जल्द पूरा करने का भी प्रावधान इस बजट में किया गया है। साथ ही तीन नई परियोजना को भी प्रस्तावित किया गया है। इससे यह बजट बहुत ही संतुलित बजट माना जा रहा है। मोदी सरकार का यह बजट आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया एक ऐसा कदम माना जा रहा है। जो भारत की मजबूती के लिए नई तस्वीर निर्मित करेगा। आज भारत की जो मजबूत छवि विश्व के देशों में दिखाई दे रही है, वह वर्तमान केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण ही संभव हो सका है। भारत फिर से उसी राह पर उसी राह पर मजबूती के साथ कदम बढ़ा रहा है, जो विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए कहा सकता है। यही कदम भारत को विश्व गुरु के सिंहासन पर आसीन करने वाला होगा।

## आज का राशिफल

मेष राशि आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपको कोई बड़ी खुशखबरी भी मिलने वाली है। आज अपना हर काम योजनाबद्ध तरीके से करना और अपने काम के प्रति एकाग्र चित्त होना आपको सफलता देगा। आज कुछ यात्रा होने के योग भी बन रहे हैं। आज अपने व्यस्त समय से कुछ समय धार्मिक व आध्यात्मिक गतिविधियों के लिए निकालेंगे, इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी।

वृष राशि – आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां सीखने को मिलेंगी। आज खर्चों की अधिकता रहेगी, लेकिन साथ ही आय के साधन बढने से परेशानी नहीं होगी। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे।

मिथुन राशि – आज का दिन आपके लिए ठीकरूठाक रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। महिलाओं का आज ऑनलाइन शॉपिंग में समय बीतेगा। आज आपको किसी रिश्तेदार के घर जाने का निमंत्रण मिलेगा। आज अन्य गतिविधियों में व्यस्तता की वजह से आपका खुद का कोई महत्वपूर्ण काम अधूरा रह सकता है। परंतु अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित बनाकर भी रखना जरूरी है। आज बच्चों की गतिविधियों और संगति पर कड़ी नजर रखेंगे।

कर्क राशि – आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज परिवार संबंधी किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह–मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे। आज मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में भी समय बीतेगा। आज व्यवसायिक व्यवस्था को बनाए रखने में आपका योगदान जरूरी है। आज कोई बाहरी व्यक्ति आपके कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में कुछ विघ्न डाल सकता है। आज कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाने से उनकी कार्य क्षमता बेहतर होगी।

सिंह राशि – आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही चल रही है, तो निश्चित सफलता मिलेगी। आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको सशक्त महसूस करेंगे। आज किसी सदस्य की नकारात्मक बात को लेकर आपका मूड थोडा खराब हो सकता है। लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। आज कहीं भी यात्रा करने से फिलहाल परहेज करें और व्यक्तिगत मामलों में ध्यान देंगे। इस समय काम करने के तरीके में बदलाव करने की जरूरत है, कारोबारी गतिविधियां धीमी रहेंगी। हालांकि आपके कर्मचारियों का सहयोग काफी हद तक व्यवस्था को उचित बनाकर रखेगा।

कन्या राशि – आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति के मार्गदर्शन में आप कार्यों को बेहतरीन तरीके से करेंगे। किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी विचार–विमर्श होगा। आज किसी धार्मिक संस्था में सेवा संबंधी कार्यों में समय बीतेगा। आज किसी भी कार्य को लापरवाही की वजह सेअधूरा ना छोड़।

तुला राशि – आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका स्वाभिमान और आत्मविश्वास हर परिस्थिति में मेहनत करने की क्षमता बढ़ाएगा और आपके रुके हुए काम थोड़े प्रयास से बन जाएंगे। आज बेकार की गतिविधियों में समय बिताना आपके महत्वपूर्ण कार्य में रुकावट डाल सकता है। अच्छे रिजल्ट के लिए किसी का मार्ग दर्शन अवश्य लें। आज कारोबार में ऑर्डर पूरा करते समय टारगेट का ध्यान रखें। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी।

वृश्चिक राशि – आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कर्म प्रधान बनेगा और आप अपनी ऊर्जा का भरपूर इस्तेमाल करेंगे। आपको अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। भूमि अथवा वाहन से संबंधित कोई काम हो सकता है। कुछ समय अपने मनोरंजन के लिए भी निकाल लेंगे। वर्तमान स्थिति पर ही अपना ध्यान केंद्रित रखें। अपनी चीजों को संभालकर रखें। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर ज्यादा फोकस रहने की जरूरत है। मीडिया या फोन द्वारा आपको बड़ा ऑर्डर मिलने की उम्मीद है इसलिए अपने संपर्क सूत्रों को और अधिक मजबूत करने में ध्यान लगाएंगे।

धनु राशि – आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। धार्मिक अथवा आध्यात्म गतिविधियों में आपका रुझान बढ़ेगा। आपके अपने व्यक्तिगत काम भी पारिवारिक सदस्यों की मदद से काफी हद तक पूरे हो जाएंगे। घर के वरिष्ठ सदस्यों के मान–सम्मान और मार्गदर्शन की अवहेलना ना करें। आज किसी भी अपरिचित व्यक्ति से अपनी व्यक्तिगत योजनाएं शेयर ना करें और ना ही किसी तरह की बहस में उलझे। सरकारी नौकरी में कार्यभार की अधिकता के कारण आपको ओवरटाइम भी करना पड़ेगा।

मकर राशि – आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज का दिन उपलब्धियों वाला है इसका भरपूर उपयोग करना जरूरी है। किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूप–रेखा तैयार करने से उचित सफलता मिलेगी। आज दूसरों की व्यक्तिगत बातों पर ध्यान ना देकर अपने काम के प्रति एकाग्र रहेगे। यह समय अपने कार्यों के प्रति फोकस रहने का है। आज आप कुछ समय एकांत, ध्यान आदि में जरूर बिताएंगे। आज कारोबारी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेगी हालांकि परिणाम मिलने में कुछ समय लग सकता है।

कुंभ राशि – आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों को कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना है। सामाज संबंधी गतिविधियों में आपका खास योगदान रहेगा। अपनी बौद्धिक क्षमता और व्यवहार कुशलता द्वारा सकारात्मक परिणाम हासिल करेंगे। आज आपको करियर संबंधी कोई शुभ सूचना मिलने से राहत मिलेगी। आज दूसरों के मामले में हस्तक्षेप ना करें और अपने काम से ही मतलब रखें। समय अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाना जरूरी है।

मीन राशि – आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके उद्देश्य की पूर्ति होगी और अनुभवी लोगों के साथ रहकर भी बहुत कुछ बेहतर सीखने को मिलेगा। आज दौड़–धूप की अधिकता रहेगी परंतु सफलता मिलने से खुशी भी मिलेगी। आज आपका रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा, जिससे आप अपने जरूरत का सामान खरीदेंगे। फाइनेंस संबंधी गतिविधियों के मामले में किसी पर भी अधिक भरोसा ना करें। व्यवसायिक व्यवस्था बेहतर होगी और कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग बना रहेगा। प्रॉपर्टी संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं बनेंगी और सफल भी रहेगी। आज जॉब में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेने से राहत महसूस होगी।

# आमदनी अठन्नी खर्च रुपय्या की नीति पर चलने वाले राहुल गांधी सरकार को अर्थव्यवस्था पर ज्ञान ना ही दें तो अच्छा है

सवाल राहुल गांधी की राजनीति ही नहीं बल्कि उनकी परिपक्वता पर भी है। जब लोकसभा चुनाव सिर पर हैं और सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे से लेकर चुनावी अभियानों की रूपरेखा बनाने जैसे मुद्दों पर दिल्ली में बैठकर रणनीति बनाने की जरूरत है तो राहुल गांधी दूसरे प्रदेशों में यात्रा निकाल रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर जैसे ही निकले वैसे ही उनकी पार्टी और इंडी गठबंधन से नेताओं और दलों का निकलना शुरू हो गया। राहुल गांधी के यात्रा पर निकलने से पहले ही मिलिंद देवड़ा कांग्रेस छोड़ गये। राहुल गांधी अपनी यात्रा लेकर बिहार पहुँचते उससे पहले ही नीतीश कुमार गठबंधन का साथ छोड़ गये। राहुल गांधी बंगाल पहुँचे तो ममता बनर्जी ने भी गठबंधन से अलग होने का संकेत देते हुए कांग्रेस को सुना डाला कि उसकी 40 लोकसभा सीट जीतने की भी औकात नहीं है लेकिन फिर भी अहंकार कूट–कूट कर भरा है। राहुल गांधी अभी उत्तर प्रदेश पहुँचे नहीं हैं लेकिन उससे पहले ही वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम कांग्रेस छोड़ने की तैयारी में हैं। राहुल गांधी अभी महाराष्ट्र नहीं पहुँचे हैं लेकिन उससे पहले ही प्रकाश अंबेडकर की पार्टी इंडी गठबंधन छोड़ने की तैयारी में है। राहुल गांधी अभी दिल्ली और पंजाब नहीं पहुँचे हैं लेकिन उससे पहले ही आम आदमी पार्टी भी इंडी गठबंधन से दूरी बनाने के जतन करने लगी है। सवाल उठता है कि जो नेता अपनी पार्टी और गठबंधन को जोड़े नहीं रख पा रहा है, जो नेता अपने ही नेताओं को न्याय नहीं दे पा रहा है वह दूसरों को क्या जोड़ेगा और क्या न्याय देगा? यहां एक बात और गौर करने लायक है कि एक ओर जहां राहुल गांधी भारत को जोड़ने की बात कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर उनकी पार्टी के सांसद डीके सुरेश भारत को तोड़ने की बात कर रहे हैं। यहां सवाल राहुल गांधी की राजनीति ही नहीं बल्कि उनकी राजनीतिक परिपक्वता पर भी है। जब लोकसभा चुनाव सिर पर हैं और सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे से लेकर चुनावी अभियानों की रूपरेखा बनाने जैसे मुद्दों पर दिल्ली में बैठकर रणनीति बनाने की जरूरत है तो राहुल गांधी दूसरे प्रदेशों में यात्रा निकाल रहे हैं। जब संसद का बजट सत्र चल रहा है और वर्तमान लोकसभा में यह मोदी सरकार को घेरने का आखिरी और बड़ा



मौका है तो राहुल गांधी दिल्ली में ना होकर दूसरे प्रदेशों में यात्रा निकाल रहे हैं। यहां सवाल यह भी उठता है कि जब कांग्रेस के पास पैसा ही नहीं आ रहा है तो राहुल गांधी पार्टी की जमापूंजी को भी क्यों उड़ाने में लगे हुए हैं? हम आपको बता दें कि वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए कांग्रेस को 452.30 करोड़ रुपये का कुल चंदा मिला लेकिन उसमें से राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गयी 'भारत जोड़ो यात्रा' पर 71.80 करोड़ रुपये खर्च हो गये। अब जब लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस को पैसों की जरूरत है तो राहुल गांधी अपनी यात्रा का दूसरा पार्ट निकाल रहे हैं जिस पर भारी भरकम खर्च आ रहा है। राहुल गांधी की पहली यात्रा पर औसतन प्रतिदिन 49 लाख रुपये से ज्यादा का खर्च आया था जोकि कांग्रेस पार्टी के सालाना होने वाले खर्चों का 15 प्रतिशत बैठता है। बताया जा रहा है कि इस बार भी औसतन प्रतिदिन खर्च उतना ही आ रहा है। यानि आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपय्या। इसलिए अर्थव्यवस्था पर सरकार को बड़ा–बड़ा ज्ञान देने वाले राहुल गांधी को बताना चाहिए कि वह अपनी पार्टी की आर्थिक सेहत को क्यों बिगाड़ने पर तुले हैं? जहां तक इंडी गठबंधन की बात है तो सबको दिख ही रहा है कि यह टूट की कगार पर पहुँच चुका है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने जब अपने गठबंधन का नाम इंडिया रखा था तब कुछ लोगों ने आपत्ति जताई थी लेकिन कांग्रेस ने उनको खारिज करते हुए

# कांग्रेस में दिग्गज नहीं दिखा रहे दम

देवदत्त दुबे

2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी पराजय के बाद कार्यकर्ताओं से ज्यादा हताशा कांग्रेस के दिग्गज नेता दिखा रहे है। मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कमलनाथ लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कोई उत्साह दिखाते नजर नहीं आ रहे जबकि इन दोनों की जोड़ी ने 2018 के विधानसभा चुनाव 2019 के लोकसभा चुनाव और 2023 के विधानसभा चुनाव में भारी दम खम दिखाया।दरअसल, प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में सरकार बनाने की उम्मीद है। 2018 की तरह बन गई थी लेकिन करारी हार मिलने के बाद पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व में जिस तरह से प्रदेश में व्यापक परिवर्तन किया। उसके बाद दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ने लोकसभा चुनाव के प्रति किसी भी प्रकार का उत्साह नहीं दिखाया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने जहां लोकसभा चुनाव लडने से ही इनकार कर दिया क्योंकि उनके अभी राज्यसभा के 2 वर्ष का कार्यकाल बाकी है जबकि पार्टी हाईकमान और पार्टी के रणनीतिकार दिग्गज नेताओं को लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारना चाहते हैं। इसी तरह पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी विधानसभा चुनाव की पराजय के बाद बाहर चले गए थे। कुछ दिन पहले भोपाल और छिंदवाड़ा आकर औपचारिकता की है। किसी पर प्रकार की रणनीति बनाने या चुनावी तैयारी जैसा कोई बयान भी सामने नहीं आया है। इसके विपरीत कमलनाथ के पुत्र सांसद कमलनाथ को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म रहता है कि वे लोकसभा चुनाव लड़ेंगे या नहीं लड़ेंगे। यहां तक कि वह किस पार्टी से लड़ेंगे ऐसे भी प्रश्न चर्चा में आना कांग्रेसियों के लिए किसी झटके से कम नहीं है। बहरहाल, प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी जहां सभी 29 लोकसभा सीटे जीतने के लिए बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक जोरदार तैयारी में जुट गई है। सत्ता और संगठन कदमताल करते हुए पूरी तरह से चुनाव पर फोकस किए हुए हैं। पार्टी प्रत्याशियों को लेकर सर्वे चल रहे हैं नए चेहरों को मैदान में उतरने और कुछ दिग्गज नेताओं को लड़ाने पर भी विचार चल रहा है। पार्टी पूरी तरह से चुनावी मोड में आ चुकी है। राष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या में राम मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा के बाद बने माहौल को पार्टी जन–जन तक पहुंचा रही है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अपनी जुझारू क्षमता अभी तक मैदान में नहीं दिखा पा रहे हैं क्योंकि उन्हें नए सिरे से पूरे प्रदेश की तासीर समझना है। राजनीतिक हालातो को पार्टी के पक्ष में कैसे लाया जाए इसके लिए कठिन परिश्रम करना है। उनका परिश्रम तभी कामयाब होगा जब पार्टी के वरिष्ठ नेता उनके साथ कदमताल करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कमलनाथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, अरुण यादव, कांतिलाल भूरिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह जैसे दिग्गज नेता जब तक मैदान में दम नहीं दिखाएंगे। कांग्रेस के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा यदि यह सब नेता लोकसभा चुनाव में मैदान में उतरते हैं खुद चुनाव लड़ते हैं तो कार्यकर्ताओं का भी मनोबल बढ़ेगा और अपने साधनों और कार्यकर्ताओं की फौज की दम पर यह नेता टक्कर देते भी नजर आएंगे।कुल मिलाकर विधानसभा चुनाव की हार के बाद जिस तरह से कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने पार्टी से किनारा कर लिया है न तो लोकसभा चुनाव की तैयारी में कोई रुचि दिखा रहे हैं और ना ही राहुल गांधी की न्याय यात्रा के प्रति कोई उत्सुकता दिखा रहे हैं। उससे कांग्रेस की कमजोरी नजर आ रही है। 7 फरवरी से होने वाले विधानसभा सत्र में भी यदि कांग्रेस अपनी दम नहीं दिखा पाए तो कांग्रेस कैसे माहौल बनाएगी। कैसे कार्यकर्ताओं को उत्साहित करेगी इसको लेकर कांग्रेस की रणनीतिकार चिंतन कर रहे हैं।

# जीवनभर जेल में ही रहेंगे इमरान, 14 और 10 साल के बाद अब इस मामले में हुई 7 वर्ष की सजा

जेल में बंद 71 वर्षीय खान को हाल के दिनों में राज्य के रहस्यों को लीक करने के लिए 10 साल और इस पत्नी के साथ अवैध रूप से राज्य के उपहार बेचने के लिए 14 साल की सजा सुनाई गई है। एआरवाई न्यूज ने बताया कि दोनों पर 500,000 रुपये (+1,800) का जुर्माना लगाया गया। पाकिस्तान के पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा खान को शनिवार को एक अदालत ने सात साल जेल की सजा सुनाई और जुर्माना लगाया। इस सप्ताह विवादों में घिरे पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ यह तीसरा प्रतिकूल फैसला था और गुरुवार को राष्ट्रीय चुनावों से पहले आया है कि उन्हें चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है। जेल में बंद 71 वर्षीय खान को हाल के दिनों में राज्य के रहस्यों को लीक करने के लिए 10 साल और इस पत्नी के साथ अवैध रूप से राज्य के उपहार बेचने के लिए 14 साल की सजा सुनाई गई है। एआरवाई न्यूज ने बताया कि दोनों पर 500,000 रुपये (+1,800) का जुर्माना लगाया गया। बुशरा पर अपने पिछले पति को तलाक देने और खान से शादी करने के बाद इस्लाम द्वारा निर्धारित प्रतीक्षा अवधि, जिसे इद्दत कहा जाता है, को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया गया था। पूर्व क्रिकेट सुपरस्टार के पहली बार प्रधान मंत्री बनने से सात महीने पहले जनवरी 2018 में एक गुप्त



समारोह में खानों ने अपने विवाह अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जिसे निकाह कहा गया। इससे पहले एक पाकिस्तानी अदालत ने पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी को भ्रष्टाचार के लिए 14 साल की जेल की सजा सुनाई थी, इसके एक दिन बाद एक अन्य विशेष अदालत ने खान को राज्य के रहस्यों को लीक करने के लिए दोषी ठहराया और उन्हें 10 साल की जेल की सजा दी। खान और उनकी पत्नी पर पूर्व प्रध ाानमंत्री के सत्ता में रहने के दौरान सरकारी उपहारों को अपने पास रखने और बेचने का आरोप है।

# किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचाया तो...यूएस ने एक साथ 85 से अधिक ठिकानों पर कर दी बमबारी

जो बाइडेन एक बयान में कहा कि आज दोपहर, मेरे निर्देश पर, अमेरिकी सैन्य बलों ने इराक और सीरिया में उन ठिकानों पर हमला किया, जिनका उपयोग आईआरजीसी और संबद्ध मिलिशिया अमेरिकी बलों पर हमला करने के लिए करते हैं। हमारी प्रतिक्रिया आज शुरू हुई। यह हमारी पसंद के समय और स्थानों पर जारी रहेगी।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चेतावनी दी है कि जॉर्डन में पिछले सप्ताहांत के हमले के लिए अमेरिकी सेना द्वारा इराक और सीरिया में 85 से अधिक ठिकानों के खिलाफ जवाबी हवाई हमले शुरू करने के बाद अमेरिका को होने वाला कोई भी नुकसान प्रतिक्रिया देगा। ये लक्ष्य ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) और उसके समर्थित मिलिशिया से जुड़े थे।



जो बाइडेन एक बयान में कहा कि आज दोपहर, मेरे निर्देश पर, अमेरिकी सैन्य बलों ने इराक और सीरिया में उन ठिकानों पर हमला किया, जिनका उपयोग आईआरजीसी और संबद्ध मिलिशिया अमेरिकी बलों पर हमला करने के लिए करते हैं। हमारी प्रतिक्रिया आज शुरू हुई। यह हमारी पसंद के समय और स्थानों पर जारी रहेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने चेतावनी देते हुए कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका मध्य पूर्व या दुनिया में कहीं भी संघर्ष नहीं चाहता है। लेकिन वे सभी जो हमें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं, वे यह जान लें यदि आप किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचाएंगे, तो हम जवाब देंगे। इन हमलों में अमेरिका से उड़ाए गए लंबी दूरी के बी–1 बमवर्षकों का उपयोग शामिल था, और यह ईरान समर्थित आतंकवादियों के हमले के लिए जो बिडेन के नेतृत्व वाले प्रशासन द्वारा बहुस्तरीय प्रतिक्रिया में पहला था। एजेंसी रॉयटर्स ने बताया कि आने वाले दिनों में और अधिक अमेरिकी सैन्य अभियानों की उम्मीद है। अमेरिकी सेना ने एक बयान में कहा कि 85 लक्ष्य चार सीरिया में और तीन इराक में सात स्थानों पर थे। लक्ष्यों में कमांड और नियंत्रण केंद्र, रॉकेट, ड्रोन भंडारण सुविधाएं और मिसाइलें, साथ ही रसद और युद्ध

सामग्री आपूर्ति श्रृंखला सुविध ााएं शामिल थीं। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने बताया कि हमलों में आईआरजीसी की विदेशी जासूसी और अर्धसैनिक शाखा कुद्स फोर्स को भी निशाना बनाया गया, जो मध्य पूर्व में अपने सहयोगी मिलिशिया को दृढ़ता से प्रभावित करती है।

# गठन के बाद से 32 सालों के सैन्य शासन के बावजूद पाक सेना पर ही लोगों को विश्वास, चुनाव आयोग सबसे निचले क्रम पर

टारगेटेड लोग देश भर से 18–34 आयु वर्ग के लोग थे। पाकिस्तानी सेना के बाद, देश की दूसरी सबसे भरोसेमंद संस्था सुप्रीम कोर्ट है, जिसकी अप्रूवल रेटिंग 58 प्रतिशत है, जबकि मीडिया तीसरी सबसे बड़ी भरोसेमंद संस्था साबित हुई है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। लेकिन चुनावों से पहले एक सर्वेक्षण में 74 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग के साथ शक्तिशाली पाकिस्तान सेना श्सबसे भरोसेमंद संस्थानश के रूप में उभरी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चुनाव आयोग आठ संस्थानों में सबसे कम भरोसेमंद है। इप्सोस पाकिस्तान ने जनवरी 2024 में वॉयस ऑफ अमेरिका (वीओए) के लिए श्पाकिस्तानी युवाओं की राजनीतिक भागीदारी परिदृश्यश नाम से सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण का सैंपल साइज 2,050 लोगों का था। टारगेटेड लोग देश भर से 18–34 आयु वर्ग के लोग थे। पाकिस्तानी सेना के बाद, देश की दूसरी सबसे भरोसेमंद संस्था सुप्रीम कोर्ट है, जिसकी अप्रूवल रेटिंग 58 प्रतिशत है, जबकि मीडिया तीसरी सबसे बड़ी भरोसेमंद संस्था साबित हुई है। पाकिस्तान पर उसके अस्तित्व के 75 से अधिक वर्षों में आध ा से अधिक समय तक शासन करने वाली शक्तिशाली पाक आर्मी ने अब तक सुरक्षा और विदेश नीति के मामलों में काफी शक्ति का इस्तेमाल किया है। अखबार ने कहा कि उत्तरदाताओं के अनुसार राजनीतिक दलों की अप्रूवल रेटिंग 50 प्रतिशत है। संयोग से इस बात पर मतभेद था कि क्या मीडिया उन मुद्दों को कवर करता है जो वास्तव में मायने रखते हैं, 5 में से 2 महत्वपूर्ण लोग सोचते हैं कि ऐसा नहीं होता है। सर्वेक्षण में भाग लेने वालों से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि कोई संगठन आम चुनावों में धांध ाली कर सकता है, तो 3 में से 2 युवा पाकिस्तानियों ने जवाब दिया कि वे आगामी 2024 चुनावों की निष्पक्षता में विश्वास करते हैं। सर्वेक्षण में भाग लेने वालों से पूछा गया कि क्या उनका मानना घ्ध्है कि कोई भी विदेशी या अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव पाकिस्तानी सरकार के प्रदर्शन पर सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 3 प्रतिभागियों में से एक का मानना घ्ध्है कि पाकिस्तान पर श्अंतर्राष्ट्रीय प्रभावश है। इसके अलावा, 75 प्रतिशत उत्तरदाताओं (4 में से 3) का मानना घ्ध्है कि अगले सप्ताह के चुनाव देश को सही दिशा में ले जाएंगे और 3 में से 2 उत्तरदाताओं को उम्मीद है कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष होंगे। इसके अलावा, 88 प्रतिशत का मानना घ्ध्है कि उनका वोट महत्वपूर्ण है। केवल 54 प्रतिशत युवाओं ने उत्तर दिया कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र में राजनीति, उम्मीदवारों और उनके घोषणापत्रों के बारे में सूचित रहते हैं, जबकि केवल 29 प्रतिशत का कहना है कि वे कुछ राजनेताओं और राजनीतिक दलों का समर्थन करते हैं और उनकी रैलियों और जुलूसों में भाग लेने का इरादा रखते हैं। उत्तरदाताओं से पूछा गया कि क्या वे 8 फरवरी को आगामी आम चुनाव में अपना वोट डालेंगे। लगभग 70 प्रतिशत ने दावा किया कि वे वोट डालेंगे। सर्वेक्षण से पता चलता है कि 2018 से 2024 तक, 5 में से 1 ने अपनी पसंदीदा पार्टी बदल ली है, 78 प्रतिशत ने दावा किया कि वे उसी पार्टी को वोट देंगे, जबकि 22 प्रतिशत पसंदीदा पार्टी बदलने का इरादा रखते हैं।

# संसद के पास लगा दी आग, पुलिस पर फेंके अंडे, अब यूरोप में क्यों शुरू हो गया किसानों का आंदोलन?

प्रदर्शनकारी अपने ट्रैक्टर लेकर ब्रूसेल्स में घुस गए और शिखर सम्मेलन स्थल, यूरोपीय संसद के सामने एकत्र हो गए। उन्होंने आग लगाई, अंडे फेंके। पूरे यूरोप में हरित नियमों, टैक्स और ईंधन की बढ़ती कीमतों और विदेशों से अनुचित प्रतिस्पध र्ाा के शिकार होने की वजह से किसानों का गुस्सा फूटा है। यूरोप के कई देशों में किसान सड़कों पर उतर आए हैं। बेल्जियम में हजारों की तादाद में किसानों ने यूरोपीय संसद के बाहर प्रदर्शन किया। बता दें कि जिस वक्त प्रदर्शनकारी किसान यूरोपीय संघ के केंद्र में एकत्र हुए, उसी समय पूरे यूरोपीय संघ के नेताओं का एक महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन भी हो रहा था, जिसमें युद्धग्रस्त यूक्रेन के लिए अधिक धनराशि को मंजूरी दी गई। सुबह–सुबह, प्रदर्शनकारी अपने ट्रैक्टर लेकर ब्रूसेल्स में घुस गए और शिखर सम्मेलन स्थल, यूरोपीय संसद के सामने एकत्र हो गए। उन्होंने आग लगाई, अंडे फेंके। पूरे यूरोप में हरित नियमों, टैक्स और ईंधन की बढ़ती कीमतों और विदेशों से अनुचित प्रतिस्पर्धा के शिकार होने की वजह से किसानों का गुस्सा फूटा है।

गुस्साए किसान सेंट्रल ब्रूसेल्स में यूरोपीय संसद के आसपास सड़कों पर उतर आए, बैनर लेकर नारे लगाए, अंडे फेंके और कूड़ा जलाकर गिरती अर्थव्यवस्था, कम आय और बढ़ती कीमतों के प्रति यूरोपीय संघ की उदासीनता और पुलिस के प्रति अपना गहरा असंतोष व्यक्त किया। रॉयटर्स के अनुसार, प्रदर्शनकारियों को तितर–बितर करने के लिए पानी की बौछारें की जा रही हैं। 1 फरवरी की सुबह देश भर से काफिलों के एकत्र होने से पहले पूरे सप्ताह मुट्ठी भर ट्रैक्टर यूरोपीय संघ संसद के पास पार्क किए गए थे। प्रदर्शनकारियों में बेल्जियम, इटली, स्पेन, जर्मनी, रोमानिया और ग्रीस के किसान शामिल थे, जो लगभग 1,000 ट्रैक्टरों के साथ यूरोपीय संघ संस्थानों के पड़ोस में चले गए। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए, उन्हें उम्मीद थी कि यूरोपीय संघ के विशेष शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले नेता उनकी आवाज सुनेंगे। हालाँकि, उस दिन विशेष शिखर सम्मेलन के आधिकारिक एजेंडे में कृषि मुद्दे शामिल नहीं थे। एक ट्रैक्टर ने एक बैनर प्रदर्शित किया, जिस पर लिखा था, ष्यदि आप पृथ्वी से प्यार करते हैं, तो इसका प्रबंधन करने वालों का समर्थन करेंष् क्योंकि बेल्जियम और अन्य यूरोपीय देशों के किसान बाद में यूरोपीय संघ के नेताओं की बैठक में खुद को सुनाने की कोशिश कर रहे थे। यूरोपीय संघ के विभिन्न देशों में



इसी तरह के विरोध प्रदर्शनएसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक, सबसे बड़ा प्रदर्शन फ्रांस में देखा गया है, जहां किसानों ने अपने ट्रैक्टरों से पेरिस के आसपास राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया है। फ्रांस के प्रधान मंत्री गेब्रियल अटाल ने अशांति को शांत करने के उपायों की घोषणा की, जिसके चलते बड़ी संख्या में पुलिस की मौजूदगी के बीच पेरिस के आसपास राजमार्गों पर यातायात अवरोध ाक लगाए गए। पोलैंड में एक आवासीय सड़क और एक जर्मन पुल के पार ट्रैक्टरों की कतारें खतरनाक तरीके से घूम रही थीं, जबकि इटली में खेती करने वाले प्रदर्शनकारियों ने रात के समय पत्थर की मूर्तियों को आग के हवाले कर दिया।कृषि क्षेत्र संकट में क्यों है? किसान कई हफ्तों से इस बात पर अफसोस जता रहे हैं कि यूक्रेन में रूस के युद्ध के कारण ऊर्जा और उर्वरक की कीमतें बढ़ने, अधिक और सस्ते कृषि आयात के यूरोपीय संघ में प्रवेश करने और सूखे, बाढ़ आदि के कारण फसलें नष्ट हो जाने से सम्मानजनक जीवन जीना पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है। जलवायु परिवर्तन के कारण लगी आग। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि यूरोपीय संघ ने इस चुनौतीपूर्ण समय में अपने सदस्य देशों के किसानों को पर्याप्त समर्थन नहीं दिया है। सीएनएन के अनुसार, उन लोगों के लिए, जो यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के आलोक में यूरोपीय संघ ने यूक्रेनी आयात और कोटा पर कर हटा दिए। रॉयटर्स के अनुसार, इतालवी प्रदर्शनकारी क्रिस्टीना ने कहा, ष्कीमत बहुत अधिक है, गैसोलीन बहुत अधिक है, उर्वरक बहुत अधिक है, इसलिए हमारे लिए संघ समुदाय की किसी भी तरह की मदद के बिना इन कीमतों का सामना करना मुश्किल है।

# चुनावों से छेड़छाड़...कनाडा ने भारत को बताया विदेशी खतरा, चीन को लेकर भी कह दी बड़ी बात

ग्लोबल न्यूज ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि विदेशी हस्तक्षेप पारंपरिक कूटनीति से अलग है क्योंकि इसमें सार्वजनिक कथाओं और नीति–निर्माण को प्रभावित करने के लिए गोपनीयता और धोखे का इस्तेमाल किया जाता है। कनाडा ने अपनी धरती पर एक खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या में दिल्ली की भूमिका का आरोप लगाने के महीनों बाद भारत को एक विदेशी खतरा बताया है जो संभावित रूप से उनके चुनावों में हस्तक्षेप कर सकता है। भारत सरकार ने अभी तक ताजा आरोप पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह आरोप कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा द्वारा ग्लोबल न्यूज द्वारा प्राप्त एक अवर्गीकृत खुफिया रिपोर्ट में लगाया गया था। यह पिछले साल कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय भूमिका का दावा करने के साथ शुरू हुए आरोपों और प्रत्यारोपों की कड़ी में ताजा अटैक



है। इस आरोप को भारत ने अस्वीकार किया है। अक्टूबर 2022 की रिपोर्ट जिसका शीर्षक श्विदेशी हस्तक्षेप और चुनावरू एक राष्ट्रीय सुरक्षा आकलनश है, ने भारत को श्खतराश बताया और चेतावनी दी कि विदेशी हस्तक्षेप कनाडा के लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। ग्लोबल न्यूज ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि विदेशी हस्तक्षेप पारंपरिक कूटनीति से अलग है क्योंकि इसमें सार्वजनिक कथाओं और नीति–निर्माण को प्रभावित करने के लिए गोपनीयता और ध ोखे का इस्तेमाल किया जाता है। यह पहली बार है जब कनाडा ने भारत पर चुनाव में हस्तक्षेप का आरोप लगाया है, यह आरोप चीन और रूस पहले से ही झेल रहे हैं। पिछले साल फरवरी में विदेशी हस्तक्षेप पर लोकतांत्रिक संस्थानों के मंत्री की ब्रीफिंगश में चीन को अब तक का सबसे महत्वपूर्ण खतरा बताया गया था। रिपोर्ट में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना का जिक्र किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि हम जानते हैं कि पीआरसी ने 2019 और 2021 के संघीय चुनावों को गुप्त रूप से और भ्रामक रूप से प्रभावित करने की कोशिश की थी। मीडिया ने कहा कि दस्तावेज के हिस्सों में किसी देश का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन अन्य सामग्रियों में भारत और चीन को शीर्ष खघ्तरे के रूप में बताया गया है। इसमें कहा गया है कि विदेशी हस्तक्षेप ष्संप्रभुता, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और मूल्यों को नष्ट करकेष् कनाडा और कनाडाई लोगों को नुकसान पहुंचाता है। इसमें कहा गया है कि एफआई (विदेशी हस्तक्षेप) गतिविधियां कनाडा के लोकतंत्र के ताने–बाने को कमजोर कर रही हैं, बहुसांस्कृतिक समाज की कड़ी मेहनत से हासिल की गई सामाजिक एकजुटता को कमजोर कर रही हैं और कनाडाई लोगों के चार्टर अधि ाकारों का हनन कर रही हैं। पिछले साल दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन से इतर एक द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने देश में बढ़ती अलगाववादी गतिविधियों पर जस्टिन ट्रूडो को डांटने के बाद से भारत और कनाडा के बीच तनाव पैदा हो गया था।

# पाकिस्तान में जीत कर भी हार जाएंगे इमरान, मुनीर की सेना ने प्लान बी कर रखा है तैयार

नवाज शरीफ की पीएमएलएन और बिलावल भुट्टो की पीपीपी भी जेल में बंद इमरान से डरी हुई है। इसलिए अपनी जनसभाओं में निशाने पर इमरान ही रहते हैं। इस बीच जनरल मुनीर के प्लान बी की चर्चा भी चल पड़ी है। इमरान खान जेल में बंद हैं। उन्हें एक मामले में 10 साल और दूसरे में 14 साल की सजा सुनाई गई है। पीटीआई के दूसरे नेता भी कैद में हैं और पार्टी का चुनाव चिन्ह भी छिन चुका है। इमरान खान एक तरफ अपनी शादी बचाने के लिए अदालत में कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं तो दूसरी तरफ चुनाव में उनकी पार्टी के उम्मीदवार निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव में उतर रहे हैं। लेकिन पाकिस्तानी सेना की खुफिया रिपोर्ट इमरान खान के विरोधियों का तनाव बढ़ा रही है। आवाम में इमरान खान की लोकप्रियता और उनको चुनाव जितवाने का संकेत दे रही है। इसलिए अब पाकिस्तान की सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने प्लान बी तैयार कर लिया है। जिससे इमरान चुनाव जीतकर भी सरकार न बना पाए। सेना की खुफिया रिपोर्ट से परेशान मुनीर पाकिस्तान में सहानभूति बटोर रहे इमरान खान पाकिस्तानी आवाम में अब भी काफी लोकप्रिय हैं। जैसा की नजारा पाकिस्तान की क्षेत्रों में दिखाई पड़ रहा है वो वोटिंग पैटर्न पर भी नजर आया तो जेल में बंद होने, चुनाव चिन्ह छीनने और तमाम तरह की दुश्वारियों के बावजूद इमरान खान की पार्टी सत्ता में आ जाएगी। पाकिस्तानी सेना की खुफिया रिपोर्ट में इमरान को बढ़त के आसार का दावा किया जा रहा है। इस रिपोर्ट के मुताबिक पंजाब और खैबर पख्तूनवा जैसी जगहों पर इमरान समर्थित उम्मीदवार ही जीतेंगे। भले ही इमरान खान



के साथ जनता है तो नवाज शरीफ के साथ पाकिस्तान की सेना है। यही वजह है कि प्रत्याशी किसी के भी जीते, मुनीर सरकार नवाज शरीफ की ही बनवाएंगे। मुनीर ने इमरान खान के जीतने की स्थिति में प्लान बी भी तैयार कर लिया है। क्या है सेना का प्लान बी नवाज शरीफ की पीएमएलएन और बिलावल भुट्टो की पीपीपी भी जेल में बंद इमरान से डरी हुई है। इसलिए अपनी जनसभाओं में निशाने पर इमरान ही रहते हैं। इस बीच जनरल मुनीर के प्लान बी की चर्चा भी चल पड़ी है। कहा जा रहा है कि अगर इमरान खान के प्रत्याशी चुनाव में जीत भी दर्ज कर लेते हैं और पीटीआई की सरकार बनाने की कोशिश करती है तो सेना निर्दलीय उम्मीदवारों पर दवाब बनाएगी। पाक सेना इमरान समर्थकों को नवाज को समर्थन देने पर मजबूर करेगी। निर्दलीय प्रत्याशियों पर किसी भी तरह का दल–बदल कानून भी लागू नहीं होगा।

# मोदी से माफी मांगेंगे मुइज्जू! अचानक कैसे बैकफुट पर आया मालदीव

मालदीव के विपक्षी दल जमूहरी पार्टी के नेता गासिम इब्राहिम ने राष्ट्रपति मुइज्जू से अपील की है कि वो औपचारिक तौर पर भारत और प्रधानमंत्री मोदी से माफी मांगे। पीएम मोदी से माफी मांगने की ये मांग तब उठी जब मोहम्मद मुइज्जू के देश की संसद में विरोध का सामना करना पड़ा है। मालदीव की राजनीति इन दिनों दो देशों के बीच बंटकर रह गई है। देश का सत्ता पक्ष राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व में चीन की तरफ नजर आता है। वहीं विपक्षी दल भारत समर्थक बताया जा रहा है। भारत और चीन इस कदम मालदीव की राजनीति में शामिल हो गए हैं कि सड़क से



संसद तक चर्चाओं और हंगामे की वजह बने हुए हैं। मालदीव के विपक्षी दल जमूहरी पार्टी के नेता गासिम इब्राहिम ने राष्ट्रपति मुइज्जू से अपील की है कि वो औपचारिक तौर पर भारत और प्रधानमंत्री मोदी से माफी मांगे। पीएम मोदी से माफी मांगने की ये मांग तब उठी जब मोहम्मद मुइज्जू के देश की संसद में विरोध का सामना करना पड़ा है। मालदीव और भारत के बीच उच्च स्तरीय कोर ग्रुप की दूसरी बैठक नई दिल्ली में हुई। विदेश मंत्रालय में हुई बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने रक्षा और सुरक्षा सहयोग, आर्थिक और विकास साझेदारी के क्षेत्र में साझेदारी को बेहतर बनाने और बढ़ाने के लिए मौजूदा द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि भारत सरकार 10 मार्च 2024 तक तीन विमानन प्लेटफार्मों में से एक में सैन्य कर्मियों को बदल देगी,और 10 मई 2024 तक अन्य दो प्लेटफार्मों में सैन्य कर्मियों को बदलने का काम पूरा कर लेगी। इस बात पर सहमति हुई कि उच्च–स्तरीय कोर ग्रुप की तीसरी बैठक फरवरी के अंतिम सप्ताह के दौरान पारस्परिक रूप से सहमत तिथि पर माले में आयोजित की जाएगी। जब से मालदीव की नई सरकार ने भारतीय सैनिकों को हटाने की मांग की है। उसके बाद ये दूसरी उच्चस्तरीय बैठक है। जिसमें ये सहमति बनी है।

# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी का बड़ा कबूलनामा, लादेन पर स्ट्राइक से पहले दी थी जानकारी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी ने जियो न्यूज के साथ एक साक्षात्कार के दौरान किया। गिलानी ने साक्षात्कार के दौरान कहा कि कोंडोलीजा राइस (पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री) ने पाकिस्तान का दौरा किया था और उन्हें आशंका थी कि वह (बिन लादेन) पाकिस्तान में है। 2011 में अमेरिकी कमांडो द्वारा ओसामा बिन लादेन को मार गिराने से काफी पहले अमेरिका ने पाकिस्तान से कहा था कि दुर्दांत अल–कायदा नेता उनके देश में छिपा हुआ है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले यह चौंकाने वाला खुलासा पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी ने जियो न्यूज के साथ एक साक्षात्कार के दौरान किया। गिलानी ने साक्षात्कार के दौरान कहा कि कोंडोलीजा राइस (पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री) ने पाकिस्तान का दौरा किया था और उन्हें आशंका थी कि वह (बिन लादेन) पाकिस्तान में है। राइस ने राज्य सचिव के रूप में चार बार पाकिस्तान का दौरा किया, जबकि गिलानी ने 2008 से 2012 तक पाकिस्तान के प्रधान मंत्री के रूप में कार्य किया। गिलानी के अनुसार, मुंबई आतंकवादी हमलों के तुरंत बाद, दिसंबर 2008 के पहले सप्ताह में इस्लामाबाद की एक आश्चर्यजनक यात्रा के दौरान राइस ने उनसे मुलाकात की। राइस पर उनकी प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर गिलानी ने जियो न्यूज को बताया जब उसने इसे साझा किया, तो मैंने कहा कि यह दुष्प्रचार था।

# इंग्लैंड को 253 रन पर समेटने के बाद भारत की दूसरी पारी में ठोस शुरुआत



पहली पारी में 396 रन बनाने वाली भारतीय टीम की कुल बढ़त अब 171 रन की हो गयी है। स्टंप्स के समय कप्तान रोहित शर्मा 13 और पहली पारी में 209 रन बनाने वाले यशस्वी जायसवाल 15 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। विशाखापत्तनम। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। पहली पारी में 396 रन बनाने वाली भारतीय टीम की कुल बढ़त अब 171 रन की हो गयी है। स्टंप्स के समय कप्तान रोहित शर्मा 13 और पहली पारी में 209 रन बनाने वाले यशस्वी जायसवाल 15 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। दोनों ने पांच ओवर के खेल में तीन–तीन चौके लगाये हैं। इससे पहले जसप्रीत बुमराह (45 रन पर छह विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड की पहली पारी को 253 रन पर समेट दिया। बुमराह को वामहस्त स्पिनर कुलदीप यादव का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में वापसी करते हुए तीन विकेट लिये। इंग्लैंड के लिए सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली ने 78 गेंद में 76 और कप्तान बेन स्टोक्स ने 54 गेंद में 47 रन की आक्रामक पारी खेली।

# टेस्ट में दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने



जायसवाल ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पदार्पण टेस्ट मैच में 171 रन बनाए थे। उन्होंने हैदराबाद में मौजूदा श्रृंखला के शुरुआती मैच में 80 रन बनाये थे, जिसे भारत 28 रन से हार गया था। जायसवाल बीते दिन 179 रन नाबाद थे। भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने। अपना छठा टेस्ट खेल रहे 22 साल के जायसवाल ने 290 गेंद की पारी में 19 चौके और सात छक्के की मदद से 209 रन बनाये।सबसे कम उम्र में दोहरा शतक जड़ने वाले भारतीय का रिकॉर्ड विनोद कांबली के नाम है। पूर्व वामहस्त बल्लेबाज कांबली ने 1993 में 21 साल और 335 दिन की उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा था।कांबली ने इसके 20 दिन के बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना लगातार दूसरा दोहरा शतक बनाया था। कांबली से पहले महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर लंबे समय तक दोहरा शतक जड़ने वाले भारत के सबसे युवा बल्लेबाज थे। उन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह कारनामा किया था।जायसवाल ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पदार्पण टेस्ट मैच में 171 रन बनाए थे। उन्होंने हैदराबाद में मौजूदा श्रृंखला के शुरुआती मैच में 80 रन बनाये थे, जिसे भारत 28 रन से हार गया था। जायसवाल बीते दिन 179 रन नाबाद थे। उन्होंने दूसरे दिन के पहले सत्र में पदार्पण कर रहे स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर अपना दोहरा शतक पूरा किया। उनकी शानदार बल्लेबाजी से भारत ने पहली पारी में396 रन बनाये। भारतीय टीम पांच मैचों की श्रृंखला में0–1 से पिछड़ रही है।

# दास–सहारन की शतकीय पारी की बदौलत भारत ने नेपाल को दिया 298 रन का लक्ष्य



भारत ने आईसीसी अंडर 19 वनडे विश्व कप के ग्रुप एक के अपने आखिरी सुपर सिक्स मैच में शुक्रवार को नेपाल के खिलाफ पांच विकेट पर 297 रन बनाये। सचिन धास (116) और कप्तान उदय सहारन (100) की शतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 215 रन की साझेदारी की।सचिन धास (116) और कप्तान उदय सहारन (100) की शतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 215 रन की साझेदारी के दम पर भारत ने आईसीसी अंडर 19 वनडे विश्व कप के ग्रुप एक के अपने आखिरी सुपर सिक्स मैच में शुक्रवार को नेपाल के खिलाफ पांच विकेट पर 297 रन बनाये।

धास और सहारन ने उस समय भारतीय पारी को संभाला जब टीम 14वें ओवर में 62 रन पर तीन विकेट गंवा कर संघर्ष कर रही थी। धास ने 101 गेंद की अपनी आक्रामक पारी में 11 चौके और तीन छक्के जड़े जबकि सहारन ने धैर्य से बल्लेबाजी करते हुए 107 गेंद की पारी में नौ चौके की मदद से 100 रन बनाये। दोनों के बीच 202 गेंद में 2015 रन की यह साझेदारी टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी है। धास और सहारन के शतकों के बाद मौजूदा विश्व कप में भारत के लिए शतक जड़ने वाले खिलाड़ियों की संख्या पांच हो गयी हैं।भारत ने अब तक खेले पांच मैचों में चार में 290 से ज्यादा का स्कोर किया है जिसमें से टीम दो बार 300 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रही है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को आदर्श सिंह ने 18 गेंद में 21 रन की पारी के साथ आक्रामक शुरुआत दिलाई लेकिन वह गुलशन झा की शॉट गेंद पर विकेटकीपर उत्तम मागर को कैच थमा बैठे। टीम को 14वें ओवर में तीन गेंद के अंदर दो झटके लगे। अर्शीन कुलकर्णी (18) आकाश चंद का शिकार बने जबकि प्रियांशु मोलिया (19) रन आउट हुए। सहारन ने इसके बाद एक छोर से संभल कर बल्लेबाजी की जबकि बल्लेबाजी क्रम में पदोन्नत किये गये धास ने अपना आक्रामक तेवर जारी रखा। धास इससे पहले छठे या सातवें क्रम पर बल्लेबाजी करते थे। उन्होंने 50 गेंद में टूर्नामेंट का अपना पहला अर्धशतक पूरा किया और इसके बाद ऑफ स्पिनर देव खनल के खिलाफ वाइड लांग ऑन पर छक्का लगाकर बड़े शॉट खेलने की अपनी प्रतिभा को दिखाया। वह सुभाष भंडारी की गेंद पर चौका लगाकर 99 के स्कोर तक पहुंचे और फिर अगली गेंद पर एक रन लेकर 93 गेंद में अपना शतक पूरा किया। सहारन ने आखिरी ओवर में गुलशन की गेंद पर एक रन चुरा कर शतक पूरा किया।

# यशस्वी जायसवाल के तूफान के आगे नहीं टिके इंग्लैंड के गेंदबाज, दोहरा शतक जड़ने के साथ लगाई रिकार्ड्स की झड़ी



इंग्लैड के खिलाफ एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में यशस्वी जायसवाल का नंबर दूसरे स्थान पर आ गया है। इससे पहले गावस्कर ने 1979 में ओवल टेस्ट मैच के दौरान एक दिन में 179 रन बनाए थे। भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज और ओपनर यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ वध्शिाखापत्तनम (वाइजैग) के डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए–वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में करियर का दोहरा शतक लगाकर इतिहास रच दिया है। इस मैच में यशस्वी का जलवा देखने को मिला है। पहले दिन युवा बल्लेबाज ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 179 रन बनाए थे और दूसरे ही दिन उन्होंने अपना दोहरा शतक पूरा किया है। इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के खिलाफ पहले ही दिन सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। पहले दिन यशस्वी ने 257 गेंदों में 17 चौके के अलावा 5 छक्कों की मदद से 179 न बनाए थे। दिन का खेल खत्म होने तक वो क्रिज पर डटे रहे। उनकी दमदार पारी की बदौलत भारतीय टीम का स्कोर पहले ही दिन छह विकेट के नुकसान पर 336 रन रहा था। हले ही दिन अपने बल्ले से धमाकेदार 179 रन बनाते हुए यशस्वी जायसवाल ने बुद्धि कुंदरन का 60 वर्षों पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। वर्ष 1964 में कुंदरन ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच के पहले ही दिन 170 रन नाबाद बनाए थे और अगले दिन 22 रन बनाए थे। वो इस दौरान दोहरा शतक बनाने से चूक गए थे। गौरतलब है कि किसी भी टीम के खिलाफ टेस्ट मैच के पहले दिन सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड विरेंद्र सहवाग के पास है, जिन्होंने 2004 में पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हुए मुल्तान टेस्ट में नाबाद 228 रन बनाए थे। यशस्वी ने बनाया ये रिकॉर्ड ंग्लैड के खिलाफ एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में यशस्वी जायसवाल का नंबर दूसरे स्थान पर आ गया है। इससे पहले गावस्कर ने 1979 में ओवल टेस्ट मैच के दौरान एक दिन में 179 रन बनाए थे। वहीं करुण नायर ने चेन्नई टेस्ट में एक दिन में 232 रन जोड़े थे। इस मैच में यशस्वी जायसवाल ने शानदार पारी खेली है जिसकी हर दिग्गज जमकर तारीफ कर रहा है। इस मैच में यशस्वी जायसवाल ने दोहरा शतक जड़कर एक और रिकॉर्ड बनाया। वो ऐसे चौथे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने 23 वर्ष से भी कम उम्र में घर और बाहर दोनों ही मैदानों में टेस्ट मैचों में शतक जड़े है। इससे पहले ये कारनामा रवि शास्त्री, सचिन तेंदुलकर, और विनोद कांबली के बल्ले से ही ये पारियां निकली है। यशस्वी ने जब ये शतक जमाया है तो उनकी उम्र 22 साल और 36 दिन की है।

# यहां घूमने नहीं, अच्छा टेनिस खेलने आये है– भारतीय डेविस कप कप्तान जीशान

भारत के डेविस कप टीम के कप्तान जीशान अली को शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कई अटपटे और हैरानी भरे सवालों का सामना करना पड़ा जिसमें 'क्रिकेट सहित अन्य भारतीय टीमें पाकिस्तान का दौरा क्यों नहीं करतीं' और 'पाकिस्तान में शॉपिंग (खरीदारी और सैर–सपाटा) के अनुभव' के बारे में पूछना शामिल रहा। पाकिस्तान दौरे पर गयी भारत के डेविस कप टीम के कप्तान जीशान अली को शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कई अटपटे और हैरानी भरे सवालों का सामना करना पड़ा जिसमें 'क्रिकेट सहित अन्य भारतीय टीमें पाकिस्तान का दौरा क्यों नहीं करतीं' और 'पाकिस्तान में शॉपिंग (खरीदारी और सैर–सपाटा) के अनुभव' के बारे में पूछना शामिल रहा। लगभग 60 साल बाद डेविड का मुकाबले के लिए पाकिस्तान गयी भारतीय टीम दरअसल अब तक अपने होटल से बाहर कड़ी सुरक्षा में सिर्फ इस्लामाबाद खेल परिसर में अभ्यास के लिए ही आयी है। जीशान ने हालांकि रणनीतिक तरीके से इन सवालों का जवाब दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि टीम को संक्षिप्त दौरे पर कहीं बाहर जाने का मौका मिलेगा। उन्होंने हालांकि इस दौरे पर टीम के मकसद के बारे में ज्यादा करते हुए कहा कि टीम यहां अच्छा टेनिस खेलने आयी है। 'शॉपिंग' के बारे में पूछे जाने पर जीशान ने कहा, ''हम कहीं बाहर नहीं गए हैं. मुझे उम्मीद है कि कुछ समय के लिए बाहर जाने की व्यवस्था की जा सकती है।'' भारतीय कोच एवं कप्तान की भूमिका निभा रहे इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, '' खेल के लिहाज से हमारा यहां आना इस क्षेत्र में टेनिस के लिए बहुत अच्छा होगा।

# भारतीय महिला धावक दुती चंद मना रही 28वां जन्मदिन, मुश्किलों से लड़कर तय किया ओलंपिक का सफर

दुती चंद महिलाओं के ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में गोल्ड मेडल पाने वाली पहली महिला हैं। उनकी इस उपलब्धि पर न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे देश को गर्व था। हांलाकि दुती चंद के गोल्ड मेडलिस्ट बनने का सफर आसान नहीं था।खेलों के महाकुंभ में कई खिलाड़ियों ने खूब ऊंचाई तय की है। कई खिलाड़ियों ने आकाश की ऊंचाइयों को छूने का काम किया। इन्हीं में से एक खिलाड़ी का नाम दुती चंद है। आपको बता दें कि दुती चंद महिलाओं के ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में गोल्ड मेडल पाने वाली पहली महिला हैं। उनकी इस उपलब्धि पर न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे देश को गर्व था। हांलाकि दुती चंद के गोल्ड मेडलिस्ट बनने का सफर आसान नहीं था। आज यानी की 3 फरवरी को दुती चंद अपना 28वां जन्मदिन मना रही हैं। आइए जानते हैं उनके बर्थडे के मौके पर दुती चंद के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में... ओड़िशा के जयपुर में 3 फरवरी 1996 को दुतीचंद का जन्म हुआ था। वह बचपन से काफी बहादुर थीं। दुतीचंद एक गरीब परिवार में पैदा हुई थीं। परिवार के 9 सदस्यों के बीच संघर्ष कर उन्होंने अपना भविष्य बनाया। यह उनका पागलपन था, जो उनको इतना आगे तक लेकर आया था। वह हर रोज कड़ी ट्रेनिंग करती थीं और गांव की कच्ची सड़कों पर जॉगिंग करती थीं। इनमें से सबसे अच्छी बात यह थी कि उनको सही समय पर पता चल गया था कि गरीबी से बाहर वह अपनी मेहनत के जरिए आ सकती हैं। झील के किनारे दौड़ की प्रैक्टिस करने वाली दुतीचंद साल 2012 में चर्चा में आई थीं। इस दौरान वह 100 मीटर स्पर्धा में अंडर–18 वर्ग में राष्ट्रीय चौंपियन बनीं। वहीं साल 2013 में दूतीचंद ने एशियाई एथलेटिक्स चौंपियनशिप, रांची में हुए नेशनल सीनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप और वर्ल्ड यूथ चौंपियनशिप में अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन कर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। वहीं दुतीचंद के करियर की दूसरी सबसे बड़ी उबलब्धि साल 2019 को मिली थी। इस दौरान उन्होंने इटली के नेपल्स में हुए वर्ल्ड यूनिवर्सियाड में 100 मीटर इवेंट में गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। बता दें कि यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह पहली महिला धावक थीं। दुतीचंद द्वारा 100 मीटर दौड़ में बनाया गया नेशनल रिकॉर्ड आज तक कोई नहीं तोड़ पाया है। साल 2016 के रियो ओलंपिक का टिकट हासिल कर वह 100 मीटर दौड़ में भाग लेने वाली देश की पांचवी महिला एथलीट बनी थीं। इसके साथ ही साल 2018 में जकार्ता में हुए एशियाई खेल में उन्होंने दो पदक हासिल किए थे। दो दशक यानी की पीटी उषा के बाद 100 मीटर फाइनल में रजत पदक हासिल करना देश के लिए काफी गर्व का पल था। इसके अलावा महिलाओं के 200 मीटर के फाइनल जीत हासिल कर दुतीचंद करीब 16 साल बाद देश की गोल्ड मेडल जीतने

# आखिर क्यों आती है खाना खाने के बाद छींक! वजह जान रह जाएंगे हैरान



ज्यादा तीखा खाने के बाद कुछ लोग छींकने लगते हैं तो कुछ लोगों की नाक बहने लगती है. चलिए जानते हैं कि इसके पीछे की वजह क्या हो सकती है. भोजन के बाद छींक क्यों आती है. अक्सर आपने गौर किया होगा कि खाने के तुरंत बाद कुछ लोगों को छींक आने लगती है. कई बार लोग खाने के तुरंत बाद एक बार छींकते हैं तो कई लोगों को एक से ज्यादा बार छींक आती है. कुछ लोगों को भोजन करने के बाद नाक से पानी पहने की भी शिकायत होती है. ऐसा क्यों होता है, आप भी इसे लेकर सोचते होंगे. डॉक्टर कहते हैं कि भोजन के बाद आने वाली छींक को गस्टेटरी राइनाइटिस कहते हैं. इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं. जैसे जैसे उम्र बढ़ती है, भोजन के बाद आने वाली छींक की संख्या बढ़ती जाती है. चलिए आज इस बारे में बात करते हैं. हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि गस्टेटरी राइनाइटिस दरअसल खाने के बाद नॉनएलर्जिक रिएक्शन है. कई बार ज्यादा मसालेदार भोजन खाने या फिर ज्यादा गर्म भोजन करने के बाद नाक की नली में सूजन आ जाती है. आपको बता दें कि नाक की नली में कई तरह के रिसेप्टर्स होते हैं जो तीखे भोजन के चलते छींक को ट्रिगर करते हैं. ये रिसेप्टर्स कैप्साइसिन नामक यौगिक की मौजूदगी में ट्रिगर करते हैं. ये यौगिक मिर्च और तीखी चीजों में पाया जाता है. अगर कोई ज्यादा तीखी चीज खाता है तो उसके चलते रिसेप्टर्स रिएक्ट करते हैं और व्यक्ति को छींक आने लगती है. हेल्थ एक्सपर्ट ने रिसेप्टर्स के साथ साथ वायरस और बैक्टीरिया को भी छींक का कारण मान है. कई बार बैक्टीरिया युक्त भोजन करने या नाक के जरिए वायरस की चपेट में आने के कारण भी व्यक्ति को छींक आने लगती है. तीखे भोजन के साथ साथ दूध, अंडे, सोया, मूंगफली और ट्री नट्स भी इस तरह की एलर्जी को ट्रिगर करते हैं जिससे छींक आने लगती है. गस्टेटरी राइनाइटिस के चलते भोजन के बाद छींक आना हालांकि बड़ी समस्या नहीं है. लेकिन अगर ये ज्यादा परेशान करती है तो एलर्जी वाले भोजन से दूरी बनाकर इससे राहत पाई जा सकती है.

## रात में क्यों बाल धोने से बचना चाहिए, जानें यहां

रात को बाल धोने की आदत को लेकर अक्सर लोगों में भ्रांतियां और संशय रहता है. कुछ लोग मानते हैं कि रात को बाल धोना उनके लिए हानिकारक हो सकता है, जबकि दूसरों का मानना है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता. रात में बाल धोने की आपकी भी आदत है तो एक्सपर्ट के अनुसार यह कई बीमारियों को दावत देते हैं. आइए जानते हैं रात में बाल धोना कैसे नुकसानदायक हो सकता है. जब हम बाल धोते हैं तो वे गीले हो जाते हैं. गीले बाल बहुत भारी होते हैं. अगर हम ऐसे गीले बालों को तकिए या बिस्तर पर टिकाकर सो जाएं, तो उन पर बहुत जोर पड़ता है.

# काजल खरीदते समय इन बातों का रखें खास ख्याल, इंफेक्शन से बची रहेंगी आंखें



काजल के जरिए आई मेकअप लुक्स को रीक्रिएट किया जा सकता है। वहीं सर्दियों में मौसम में आंखों में काजल लगाना अवॉइड किया जाता है। आज हम आपके साथ कुछ ऐसे टिप्स शेयर करने जा रहे हैं, जिनको आप काजल खरीदने के दौरान ध्यान में रखें। हम सभी अपने रोजमर्रा के जीवन में थोड़ा बहुत मेकअप करते हैं। वहीं मेकअप में आई लुक का रोल सबसे ज्यादा अहम होता है। वहीं रोजाना मेकअप में अक्सर आंखों सिर्फ काजल लगाया जाना पसंद किया जाता है। हांलाकि काजल के जरिए आई मेकअप लुक्स को रीक्रिएट किया जा सकता है। वहीं सर्दियों में मौसम में आंखों में काजल लगाना अवॉइड किया जाता है। लेकिन अगर आप भी कुछ बातों का ख्याल रखती हैं, तो किसी भी मौसम में आंखों में काजल अप्लाई कर सकती हैं। आज हम आपके साथ कुछ ऐसे टिप्स शेयर करने जा रहे हैं, जिनको आप काजल खरीदने के दौरान ध्यान में रखें। ऐसे में आप हर मौसम आंखों में काजल लगाकर अपने लुक को आकर्षक बना सकती हैं।पेंसिल काजल का इस्तेमाल करने से यह ड्राइनेस को बढ़ा देता है। लेकिन अगर पेंसिल काजल में ऑयल मौजूद हो, तो इससे आपकी आंखों को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होगा। इसलिए प्रयास करें कि आप ऑयल के लिए नेचुरल पदार्थ वाले प्रोडक्ट को चुनें। क्योंकि ऐसा करने से आपकी आंखों को भी भरपूर मात्रा में पोषण मिलेगा। काजल पेंसिल में केमिकल आपको मार्केट कई तरह के काजल के बड़े–बड़े ब्रांड्स आसानी से मिल जाएंगे। ऐसे में आप अपनी आंखों को आकर्षक बनाने के लिए किसी अच्छे ब्रांड वाले प्रोडक्ट को चुनें। क्योंकि लोकल और केमिकल वाले प्रोडक्ट्स आपकी आंखों को न सिर्फ ड्राई करेंगे, बल्कि यह आपकी आंखों को कई तरह से नुकसान भी पहुंचा सकता है। इन बातों का रखें खास ख्याल आई मेकअप करने के दौरान हाथों के दबाव का कम से कम इस्तेमाल करें। जिससे कि आपकी आंखों को किसी तरह का नुकसान न हो। आई मेकअप के समय ब्लेंडिंग पर खास ध्यान देना चाहिए, जिससे आपका लुक आकर्षक हो।

# टेंट का सामान लेने के लिए निकला युवक लापता

संवाददाता।



देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे प्राप्त समाचार के मुताबिक देवरिया जिले के बनकटा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहनपुर बजार निवासी रमाकांत चौरसिया ने बनकटा थाने में तहरीर देकर अपने कुल तीन बेटों में से दूसरे नंबर के लड़के कृष्णा चौरसिया उम्र करीब 25 वर्ष के दिनांक 02ध्02ध्024ध्को समय दोपहर के करीब एक बजे से अपनी माता को मोटर साइकिल से अपने ही एक घर से दूसरे घर को जो सलेमपुर मैरवा मार्ग के बगल स्थित बजाज मोटर साइकिल एजेंसी के पास है छोड़कर यह कह कर निकला कि हम अपने टेंट हाउस का सामान लेने बिहार राज्य के मैरवा बजार को जा रहे हैं। वावजूद इसके जब युवक देर साम तक घर नहीं लौट सका तब परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका हुई जो युवक की तलाश शुरू कर दिए जिसके बाद युवक के पास मौजूद फोन 9161496256,9161499603 को मिलाए जो घंटी तो बजती रही किंतु घंटी बजने के बावजूद कोई प्रति उत्तर नहीं मिला। इसके बाद परिजन ने अपने तमाम रिश्तेदार मित्र के यहां पता लगाए फिर कुछ पता नहीं चल सका। इस बीच देर रात 7रू00 से 8रू00 बजे रात्रि तक फोन की घंटी बजते रहने की बात बताई जा रही है। युवक का फोन किसी के द्वारा रिसीव नहीं किया जा सका। जो अभी बन्द है।परिजनों का कहना है युवक हीरो होंडा मोटरसाइकिल से बिहार राज्य के मैरवा बाजार को गया था बनकटा थाने में दिए अपनी तहरीर में परिजन ने गुमसुदगी दर्ज कर कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने की मांग की है ।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

संवाददाता।

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण–देवरिया के तत्वावधान में 09 मार्च 2024 दिन शनिवार को स्थान दीवानी न्यायालय परिसर देवरिया में जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस लोक अदालत में अन्य वादों के अलावा विशेषतः विशिष्ठ विषय–अपराधिक शमनीय वाद, 138 धारा पराक्रम लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, विद्युत एवं जल, पारिवारिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद सर्विस में वेतन एवं भत्ते सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यायादेश विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि के लम्बित मामलें एवं प्री–लिटिगेशन विवादों का भी निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया अशोक कुमार दूबे ने समस्त वादकारियों से अनुरोध किया है कि वे अपने



सुलहनीय मामलों का निस्तारण उपरोक्त आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मुकदमों की तिथि नियत कराकर अथवा प्राधिकरण के कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर निस्तारित कराने का कष्ट करें।

# शिक्षा से ही समाज का उत्थान– विनोद सरोज विधायक

संवाददाता।

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। क्षेत्र के मालाधर छत्ता स्थित परमेश्वर प्रसाद मेवालाल शिक्षण संस्थान में पूर्व प्रधानाचार्य मेवालाल वर्मा का शनिवार को जयंती समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक कुलदीप पटेल व विधायक विनोद सरोज ने स्व0 मेवालाल के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना सोशल मीडिया पर आधारित नाटक, एकल नृत्य, राधा कृष्ण समेत विभिन्न विषयों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि के रूप में बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने कहा कि क्षेत्र में परमेश्वर प्रसाद मेवालाल शिक्षण संस्थान द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही अतुलनीय योगदान किया जा रहा है। शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव है। इसके लिए मेवालाल का नाम हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने विद्यालय के लिए शिक्षणकक्ष के लिए अपने निधि से धन देने का आश्वासन दिया। प्रबंधक जिला पंचायत अध्यक्ष पति कुलदीप पटेल ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में ब्लाक पूर्व ब्लाक प्रमुख हितेश प्रताप सिंह पंकज, प्रमुख पति रामजस सरोज, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर यादव, नूर आलम फारूकी गुड्डू, पूर्व प्रधान रमेश तिवारी, लल्ला तिवारी, प्रधान पंकज यादव,

प्रधान राजेंद्र सिंह, शिक्षक अरविंद यादव, सौरभ नेता, फरीद अहमद आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य हीरालाल गुप्ता ने किया।

# सलेमपुर मे नहीं थम रहा आटो स्टैंड टैक्स विवाद



ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले के सलेमपुर नगर पंचायत द्वारा लगाया गया ऑटो और ई रिक्शा पर टैक्स का विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। पहले ई रिक्शा संचालकों ने प्रदर्शन किया और अब पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सलेमपुर जय प्रकाश मद्धेशिया के नेतृत्व में सलेमपुर ऑटो चालकों ने पूरे नगर में ऑटो के साथ घूम कर प्रदर्शन किया जिसमे नगर पंचायत अध्यक्ष सलेमपुर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया इस दौरान सलेमपुर नगर पंचायत की सड़को पर सिर्फ ऑटो ही ऑटो नगर आ रहा था । सैकड़ो की संख्या में ऑटो चालक प्रदर्शन करते हुए तहसील में पहुंचे और तहसीलदार अलका सिंह को ज्ञापन सौंपा और मांग किया की विगत कई सालो से ऑटो और ई रिक्शा स्टेंडो से कोई टैक्स नहीं लिया जा रहा था । वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष और वर्तमान अधिशासी अधिकारी सलेमपुर द्वारा सलेमपुर नगर पंचायत में ऑटो और और ई रिक्शा टैक्स वसूली का फरमान जारी कर दिया जिसका ऑटो और ई रिक्शा चालक पुरजोर विरोध कर रहे है। पूर्व चेयरमैन जयप्रकाश मद्धेशिया ने ज्ञापन देते हुआ मांग किया की नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाय उन्होंने वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष के ऊपर गई गंभीर आरोप भी नगाये । जिसमे वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने ही रिस्तेदारो को ठेका देना घटिया निर्माण कार्य करवाना आदि सामिल है ।

# दुर्घटना में मृतक शिक्षक का पहुंचा शव, परिजनों मे कोहराम

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। पडोसी जिले रायबरेली के बछरांवा में शुक्रवार की देर रात सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत को लेकर शनिवार को यहां कोहराम मच गया। दुर्घटना में शिक्षक की मौत हो गयी। वही क्षेत्र के दो युवक गंभीर रूप से चुटहिल भी हो गये। पीएम के बाद दोपहर मृतक शिक्षक का शव जब घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज नगर के शीतलमऊ वार्ड निवासी स्वर्गीय जवाहर दुबे के पुत्र सर्वेश 37 बेलहा स्थित अलका प्रमोद इण्टर कालेज में शिक्षक थे। सर्वेश बेलहा निवासी विद्यालय के आनन्द सिंह तथा इनहन निवासी अजय वर्मा शैक्षणिक कार्य से लखीमपुर खीरी गये थे। शुक्रवार की रात तीनों कार से वापस घर आ रहे थे। रायबरेली के बछरांवा के पास एक ट्रेलर से हुई दुर्घटना में शिक्षक सर्वेश द्विवेदी की सांसे थम गयी। वहीं साथ में मौजूद आनन्द सिंह को भी गंभीर चोटें आ गयी। हालांकि अजय वर्मा को मामूली चोटें आयी। देर रात हुई दुर्घटना की जानकारी स्वजनों को हुई तो कोहराम मच गया। शनिवार को रायबरेली में मृतक शिक्षक सर्वेश का पोस्टमार्टम हुआ। शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। मृतक के एक मात्र नौ वर्ष का बेटा रूद्र है। शव पहुंचने पर पत्नी का बिलखना देख मौजूद लोगों की आंखे भर आयीं। मृतक शिक्षक सर्वेश तीन भाई थे। दो अन्य भाई संजय व संजीव भी सर्वेश का शव देख बिलख पड़े। दुर्घटना में शिक्षक की मौत की जानकारी पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने गहरा दुख जताया। वहीं चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, कर्मचारी नेता रामलोचन त्रिपाठी, मनोज मिश्र आदि ने भी शोक जताया है। लोगों के मुताबिक मौत सर्वेश को रात में दुर्घटना स्थल पर खींच ले आयी। सर्वेश के साथ मौजूद आनन्द सिंह रात होने के कारण लखनऊ में अपनी बहन के घर रूकने की बात कर रहे थे। पर मृतक शिक्षक सर्वेश ने शनिवार की सुबह विद्यालय में टेस्ट होने का हवाला देकर रात में ही घर पहुंचने की जिद पकड़ ली। लोगों का कहना है कि काश सर्वेश ने जिद न पकड़ा होता तो शायद वह मौत के आगोश में पहुंचने से बच सकता था... ।

# मार्च के मध्य से शुरू होगी गेहूँ की खरीद

संवाददाता।

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चली आ रही न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत रबी विपणन वर्ष 2024–25 में गेहूँ खरीद की शुरूआत 15 मार्च, 2024 से की जा रही है। शासन ने गेहूँ के समर्थन मूल्य पर गत वर्ष के मुकाबले 150 रूपये की वृद्धि करते हुये इस वर्ष समर्थन मूल्य को 2275 रुपये प्रति कुन्तल पर निर्धारित किया है। कृषकों को गेहूँ के कम दाम का उचित मूल्य दिलाने व अधिक से अधिक किसानों की खुशहाली को ध्यान में रखते हुय यह निर्णय लिये गये हैं।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुलभ आनन्द द्वारा बताया गया है कि किसानों को खरीद के उपरान्त 72 घंटे के अन्दर ही गेहूँ का मूल्य उनके आधार से लिंक खाते में उपलब्ध करा दिया जाएगा। गेहूँ खरीद के लिये किसानों को fcs-up-data-gov-in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यह पंजीकरण किसी भी जनसुविधा केन्द्र व क्रय केन्द्र प्रभारियों से सम्पर्क करवाया जा सकता है। जिले में गेहूँ खरीद की तैयारियाँ चालू हैं। जिलाधिकारी द्वारा क्रय केन्द्रों का अनुमोदन कराया गया है।

# विश्व विजेता टाईम्स प्रतापगढ़ टीम ने किया पत्रकारों का सम्मान समारोह

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। प्रतापगढ शहर के ऋषभ मैरेज हाल में हिंदी दैनिक विश्व विजेता टाईम्स समाचार पत्र द्वारा आज पत्रकारिता के साथ विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में कार्य कर रहे जनपद के पत्रकारों का सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला जज नीरज कुमार बर्नवाल सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण व विशिष्ट अतिथि के रुप में हिन्दी दैनिक लोकमित्र के सम्पादक संतोष भगवन अमित शुक्ल व्यूरोचीफ आर एन एस न्यूज एजेंसी विश्व विजेता टाइम्स के मंडल व्यूरो ओम प्रकाश गुप्त डॉ मसूद मुजफ्फर स्पर्श हॉस्पिटल ,सारिका श्रीवास्तव की गरिममय उपस्थिति रही। स्वागत भाषण करते हुए श्री निर्भय सिंह ने विश्व विजेता टाइम्स के प्रतापगढ में सफर की यादें साझा की कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री बृजेन्द्र सिंह बबलू ने किया तथा सम्मान समारोह का सञ्चालन रशीद बाबा और निर्भय प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम मुख्य आयोजक विश्व विजेता टाइम्स के व्यूरोचीफ बृजेंद्र सिंह बब्लू सिंह ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।सम्मानसमारोह में पधारे हुए पत्रकारबंधुओं क्रमशः अरुण कुमार श्रीवास्तव ओम प्रकाश गुप्त पंकज केशरवानी आशुतोष खरे राजेश कुमार मिश्र मुस्ताक अहमद शिव कुमार राय विनय अशोक कुमार सिंह राजन सिंह कृष्णा पाल अतीक सद्दाम धर्मेंद्र दूबे अहमद रजा आशीष सिंह निर्भय सिंह संपूर्णानंद मिश्र अब्दुल दीपेश श्रीवास्तव सलमान प्रिंस प्रजापति दीपेश श्रीवास्तव आदि का पुष्प गुच्छ , स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मान किया गया समारोह के अन्त में विश्व विजेता टाइम्स के मंडल व्यूरो ओम प्रकाश गुप्त ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# आईएमए के अधिस्थापन समारोह में डाक्टर एके कुलश्रेष्ठ अध्यक्ष व डाक्टर

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की शाखा के नए अध्यक्ष डाक्टर एके कुलश्रेष्ठ के नेतृत्व वाली नई कार्यकारणी का अधिस्थापन समारोह शहर के एक होटल में शुक्रवार की रात को संपन्न हुआ। जिसमें डाक्टर एससी मिश्रा, बीएल जयसवाल बीएल अग्रवाल को उपाध्यक्ष, डाक्टर इम्तियाज अहमद सचिव, डाक्टर दीपिका केसरवानी, डॉ0 आशुतोष, डॉक्टर अंकुर संयुक्त सचिव, डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य कोषाध्यक्ष, डाक्टर अंबर केसरवानी संपादक, घनश्याम अग्रवाल, मिनहाज सदस्य राज परिषद डॉक्टर कुलश्रेष्ठ सदस्य केंद्रीय परिषद को शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि डॉक्टर अशोक अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर कमल सिंह, डॉ राजीव श्रीवास्तव रहे। संचालन डॉक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्या और डॉक्टर अंबर केसरवानी ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्षता आरके मिश्रा ने की। इस मौके पर डॉक्टर मनीष, एस एस गुप्ता, रवि श्रीवास्तव मोहम्मद आलम, आरडी द्विवेदी और डॉक्टर जेपी वर्मा सहित कई डाक्टर मौजूद थे। बता दें कि डाक्टर कुलश्रेष्ठ पहले भी प्रेसिडेंट रह चुके हैं। डा0 कुलश्रेष्ठ को संगठन चलाने का अच्छा खासा तजुर्बा है। सचिव रहते हुए उन्होंने डाक्टरों के हित में कई बार अफसरों से मोर्चा लिया था। चिकित्सकों ने भरोसा जताया कि डा0 कुलश्रेष्ठ के रहते संगठन को मजबूती मिलेगी।

# दुष्कर्म के आरोपियों को बीस वर्ष के कारावास के साथ अर्थदंड की सजा

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम आलोक द्विवेदी ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में दोषी पाते हुए थाना अंतू के श्याम पुजारी व दौलत प्रत्येक को बीस वर्ष के कारावास तथा प्रत्येक को बीस हजार रुपए अर्थदण्ड से दंडित किया। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक प्रदीप कुमार पांडेय ने की। वादिनी के अनुसार घटना 8 अप्रैल 2016 समय 7रू30 बजे की है। उसकी लड़की को श्याम पुजारी अपने हाते में घसीट कर ले गया। वहां पर पहले से मौजूद गांव के दौलत के साथ मिलकर दोनों लोगों ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती बलात्कार किया। जब वादिनी खेत से लौट के घर आई तो पीड़िता ने उसे आपबीती बताई। थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया गया। पीडिता ने न्यायालय में उपस्थित होकर बताया कि घटना के दिन वह बाहर नल पर पानी लेने गई थी। उसके घर के बगल श्याम पुजारी ने उसे बुलाया, वहां पर दौलत भी था। दोनों ने उसका हाथ पकड़ कर बाथरूम में ले जाकर उसके साथ गलत काम किया। राज्य की ओर से पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक प्रदीप कुमार पांडेय ने न्यायालय में सात गवाहों के जरिये दस प्रदर्शों को साबित कराया।

# गोविंद के चरणों से प्रेम ही सबसे बड़ा सुख स्वामी इंदिरारमणाचार्य

## श्री जियर स्वामी मठ जगन्नाथपुरी के पीठाधीवश्वर ने भागवत कथा का श्रद्धालुओं को समझाया महात्म्य

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। धन, वैभव, प्रसिद्धि में सुख नहीं है। वास्तविक सुख गोविंद के चरणों में मन लगने से मिलता है। उनका नाम संकीर्तन करने से जीव भवसागर से तर जाता है। यह उदबोधन पुतईपुर में चल रही भागवत कथा में कथाव्यास श्री जियर स्वामी मठ जगन्नाथपुरी के पीठाधीवश्वर एंव नैमिषनाथ तीर्थ के स्वामी इंदिरारमणाचार्य ने दिये। उन्होंने भागवत कथा को अप्रतिम शक्तिशाली बताया। उन्होनें कहा कि जीवन का हर संताप हरने की शक्ति इसमें है। इसे जब सुनें तो डूब जाएं, इसके रस का पान करें। स्वामी जी ने कहा कि भागवत महापुराण पुराणों की मुकुटमणि है, साक्षात कृष्ण हैं। इनको कोई पुस्तक न समझें। उन्होंने जगत को मिथ्या कहने वालों पर कटाक्ष किया और कहा कि जगत ही में तो सब हैं। यह जीवन इसमें बीत रहा है, साकार है तो यह मिथ्या कैसे हो सकता है। इसे मिथ्या कहने वाले अज्ञानी हैं। इस मौके पर धर्माचार्य ओमप्रकाश पांडेय अनिरुद्ध रामानुजदास ने ज्ञानयज्ञ के आयोजन के लिए पूर्व कानूनगो रामनरेश पांडेय की सराहना की। कथा में रमाशंकर पांडेय, घनश्याम तिवारी, अछैवर पांडेय, शिव प्रसाद पांडेय, संजय पांडेय व रंजय पांडेय आदि रहे।

# डाक टिकटों के जरिए भगवान श्री राम की महिमा और रामायण गाथा का देश-विदेश में हो रहा प्रसार-पोस्टमास्टर जनरल

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। भगवान श्री राम की महिमा डाक टिकटों के माध्यम से भी देश–दुनिया में प्रसारित हो रही है। भारत के साथ–साथ विश्व के बीस से ज्यादा देशों ने रामायण से जुड़े चरित्रों और कथानकों पर समय–समय पर डाक टिकट जारी किये हैं। प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 18 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को समर्पित 6 विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किए। इनमें श्री राम जन्मभूमि मंदिर के साथ भगवान गणेश, भगवन हनुमान, जटायु, केवटराज और माता शबरी पर जारी डाक टिकट शामिल हैं। सोने का वर्क से सुसज्जित और चंदन की खुशबू से सुवासित इन डाक टिकटों में सूर्यवंशी राम के प्रतीक सूर्य की छवि के साथ पुण्य नदी सरयू का चित्र भी है। इन डाक टिकटों के मुद्रण में अयोध्या की पवित्र मिट्टी और सरयू के पवित्र जल का इस्तेमाल करते हुए इसे पंच महाभूतों के दर्शन से भी जोड़ा गया है। ये डाक टिकट अब प्रयागराज प्रधान डाकघर स्थित फिलेटली ब्यूरो में भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। शीघ्र ही यह डाक टिकट बिक्री हेतु सभी प्रधान डाकघरों में उपलब्ध कराए जाएंगे। इन डाक टिकटों में सीता स्वयंवर, राम वनवास, भरत मिलाप, केवट प्रसंग, जटायु संवाद, शबरी संवाद, अशोक वाटिका में हनुमान–सीता संवाद, राम सेतु निर्माण, संजीवनी ले जाते हनुमान, रावण वध व भगवान राम के राजगद्दी पर बैठने के आकर्षक दृश्य समाहित हैं।

पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि डाक विभाग लोगों को अपनी विरासत और संस्कृति से जोड़ने के लिए तमाम डाक टिकटें जारी करता है। इसी क्रम में श्श्रीराम जन्मभूमि मंदिरश् से लेकर रामायण के विभिन्न प्रसंगों से जुड़े तमाम डाक टिकटों को भी समाहित किया गया है।

# फेयरवेल पार्टी में बच्चों ने मचाया धमाल, वेस्ट स्टूडेंट्स को मिले अवार्ड

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। शहर के टेऊँगा स्थित संस्कार ग्लोबल स्कूल में शनिवार को बारहवीं के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। फेयरवेल पार्टी का शुभारंभ प्रिंसिपल समीना अख्तर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया छात्र–छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर जमकर धमाल मचाया। बारहवीं के छात्रों को उपहार एवं टाइटल्स देकर सम्मानित किया गया। सत्येंद्र त्रिपाठी को मास्टर आफ एसजीएस और आयशा सिंह को मिस एसजीएस अवार्ड व कभी अनुपस्थित न रहने वाले सत्यम सिंह को मोस्ट अटेंटिव अवार्ड से सम्मानित किया गया। वेदांत गुप्ता, राजनीति विज्ञान श्रेया पांडेय, इतिहास कर्तव्य सिंह, समाजशास्त्र कृतिका त्रिपाठी, कम्प्यूटर साइंस यश केसरवानी, शारीरिक शिक्षा देवांश सिंह, हिंदी वैभव शुक्ल, फाइन आर्ट में समृद्धि सिंह को खिताब से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को ट्राफी देकर सम्मनित किया गया। बच्चों को प्रकाश त्रिपाठी, सुधा सिंह, अविनाश सिंह, कृष्णा सिंह, अंकिता मंछानी, पंकज सिंह, विपिन सिंह ने संबोधित किया।

# समाधान दिवस में आवारा पशुओं व बिजली की समस्या से नाराज वकीलों ने सौंपा ज्ञापन

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। लालगंज तहसील दिवस में छुटटा मवेशियो से फसल नुकसान तथा तहसील परिसर में ग्यारह हजार क्षमता के जर्जर विद्युत तार आदि समस्याओं को लेकर शनिवार को अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई मे वकील नारेबाजी करते समाधान दिवस मे पहुंचे। वकीलों की नारेबाजी से कुछ देर के लिए समाधान दिवस में रूकावट हुई। वकीलो ने डीएम को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा तथा अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय को सौपा। ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील परिसर में गेट पर ग्यारह हजार क्षमता की लाइन जर्जर होने से वादकारी शेडो में दुर्घटना की संभावना है। अध्यक्ष महेश ने एडीएम को बताया कि पिछले समाधान दिवस मे भी सीआरओ को इस समस्या से अवगत कराया गया था। वही पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि गोशालाओं मे अनियमितता के कारण छुटटा जानवर झुण्ड में रोज फसलो का नुकसान कर रहे हैं। तहसील के राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने के कारण भारी वाहनो के आवागमन से संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए वैकल्पिक प्रबन्ध की भी मांग उठायी गयी। इस दौरान लाल विनोद सिंह, अश्विनी कुमार पाण्डेय, सत्यम त्रिपाठी, राजेश द्विवेदी, विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह, संतोष पाण्डेय, केके शुक्ला समेत दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।



# अज्ञात के खिलाफ बाइक चोरी का केस

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। अज्ञात चोर ने कोतवाली की नाक के नीचे पीडित की बाइक उडा ली। तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बाइक चोरी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सराय नरायन सिंह निवासी अवधेश सिंह के पुत्र रामसिंह ने सत्ताईस दिसंबर को अपनी बाइक तहसील के बगल डाक बंगला गेट के समीप खड़ी कर रखी थी।

# ह्रदयगति रूकने से ट्रक चालक की मौत

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। ट्रक चालक की अचानक ह्रदयगति रूकने से मौत हो गयी। प्रयागराज जिले के मऊआइमा निवासी शिवकुमार 50 ट्रक चालक था। वह ट्रक पर गिटटी लादकर शनिवार की सुबह अठेहा जा रहा था। सांगीपुर ब्लाक के समीप अचानक उसे गर्मी और सीने में दर्द हुआ। चालक ने ट्रक छोडकर चाय पीनी चाही तो ट्रक से उतरते ही उसे चक्कर आने लगा। उसकी बिगड़ती तबीयत देख साथ में खलासी मल्हूराम ने उसे सांगीपुर अस्पताल पहुंचवाया।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।